## संक्षिप्त खबरें

### सत्यंनारायण सिन्हा के 21वीं पुण्यतिथि पर आयोजित शहादत दिवस समारोह में सांसद

दानापुर नगर के अंतर्गत सरारी गुमटी के नजदीक भाजपा नेता सत्यंनारायण सिन्हा का 21वीं पुण्यतिथि पर आयोजित शहादत दिवस समारोह में सांसद राम कृपाल यादव ने कहा कि उनका सपना व सोच को अमली जामा पहनाने में पूर्व विधायक आशा सिन्हा लगी है। सांसद श्री यादव ने कहा कि सिन्हा जी के सापनो का पुरा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पूर्व विधायक आशा सिन्हा ने कहा कि सिन्हा जी भाजपा के सच्चा सिपाही थे। उनके हत्या के केस का जीत कर दिखायेगे। पूर्व विधान पार्षद हरेन्द्र प्रताप पांडेय ने कहा कि स्व0 सिन्हा संघर्षशील थे। इससे पूर्व स्व0 सिन्हा के प्रतिमा पर स्व0 सिन्हा की पत्नी पूर्व विधायक आशा सिन्हा, सांसद राम कृपाल यादव, पूर्व विधान पार्षद हरेन्द्र प्रताप पांडेय, आलोक रंजन, सहजानंद सिन्हा, सच्चिानंद, अखिलेश कुमार, जर्नादन सिंह, रविन्द्र सिंह, सागर कुमार, सुनील सिंह, बिजय कुमार भोटी, स्व0 सिन्हा के परिवार व पार्टी के कार्यकर्ता आदि ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

### नगर परिषद के द्वारा अतिक्रमण के विरूद्ध चलाया गया अभियान

दानापुर खगौल नगर परिषद के द्वारा संयुक्त अभियान चलाते हुए खगौल रोड के पीजीएस से अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान शुरू किया। जो दानापुर रेलवे स्टेशन तक जाकर समाप्त हुआ। कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार के नेतृत्व में जेसीबी ट्रैक्टर व कर्मियो के साथ पुलिस प्रशासन के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान दस्ता उतरी। सड़क के पूर्वी ओर पर व्याप्त अतिक्रमण को हटाया। इस क्रम में सड़को पर रखे गये भवन निर्माण समाग्री समेत अन्य सामान आदि जप्त किया। इस दौरान स्थायी व अस्थायी रूप से किये गये अतिक्रमण को हटाया। जिसमें 12 ट्रैक्टर बालू व एक ट्रैक्टर गिट्टी जप्त किया गया। इसके साथ ही अतिक्रमणकारियो से करीब 20 हजार रुपए आर्थिक दंड वसुला गया। कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार व नगर प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि दानापुर व खगौल नगर परिषद के द्वारा संयुक्त अभियान अतिक्रमण के विरूद्ध चलाया गया। जिसमें मुख्य सड़क के पूर्वी ओर से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान सफाई निरीक्षक रंजीत कुमार व खगौल नगर परिषद के पदाधिकारी व कर्मी शामिल थे।

### शारीरिक संबंध बनाने के बाद संबंध तोडने का मामला

दानापुर नगर के अंतर्गत एक लड़के द्वारा एक लड़की से पहले दोस्ती फिर शादी का झांसा देकर युवक द्वारा युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने के बाद संबंध तोडने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी शिकायत लेकर मंगलवार का पीडिता अपने परिजन के साथ थाने पहुंची। पुलिस युवती से पुछताछ में जुटी है। पीडिता युवती ने बताया कि कॉलेज की छात्रा है। इसी दौरान करीब एक वर्ष पूर्व बेतिया के लौरिया थाना क्षेत्र के परोल निवासी चंदन कुमार से उसका परिचय हुआ। दोनो में दोस्ती हो गयी। इसी दौरान उसने पीडिता के विश्वास में लेकर जबरन शारीरिक संबंध बना लिया। जिसके बाद वो शादी के झांसा देकर दानापुर में शारीरिक संबंध बनाने लगा। उसने बताया कि जब वो गर्भवती हो गई। जिसके बाद चंदन ने उससे मिलना जुलना तो दूर मोबाइल पर बात भी बंद कर दिया। जिससे परेशान युवती मंगलवार को इसकी शिकायत लेकर दानापुर थाना पहुंची।

### तख्तश्री पटना साहिब में चल रहे चार रिहाइश की कारसेवा की हुई समीक्षा

पटना सिटी, प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के पदाधारक चल रहे रिहाइश के निर्माण की समीक्षा कर उसे आने वाले गुरु पर्व के पूर्व तैयार करने के लिए मंगलवार को बैठक की। मीटिंग हॉल में आयोजित बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष जगजोत सिंह ने की। इस दौरान यहां रिहाइश की कारसेवा करने वाले संत बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले और जत्थेदार बाबा सुखविंदर सिंह के प्रतिनिधि गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत के स्थानीय प्रमुख बाबा गुरविंदर सिंह, कारसेवा पटियालावाले के बाबा गुरदीप सिंह, बाबा हरबंश सिंह कारसेवा दिल्लीवाले के प्रतिनिधि बाबा गुरनाम सिंह और आगरावाले के डॉ संतोख सिंह शामिल हुए। इनके अलावा बैठक में कमेटी के सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, पूर्व महासचिव सरजिंदर सिंह, सुमित सिंह कलसी, अमरजीत सिंह शम्मी, प्रबंधक हरजीत सिंह के अलावा इंजीनियर अनुराग व पवन भी शामिल हुए। इस दौरान चारों कारसेवा वाले के कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान कहा गया कि चल रहे सभी यात्री निवास के काम को हर हाल में दशमेश पिता के प्रकाश पर्व के पूर्व पूरा कर लिया जाए, ताकि आने वाली संगतों को सुविधा मिल सके।

# स्वास्थ्य सचिव और एम्स की टीम ने एसकेएमसीएच में एईएस के लिए तैयारियों का किया आकलन



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। डॉ. जीके पाल एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक , के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल , जिसमें 20 सदस्य शामिल थे, ने एक्यूट एन्सेफलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) मामलों के लिए सुविधा की तैयारी का मूल्यांकन करने के लिए मुजफ्फरपुर में श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एसकेएमसीएच) का दौरा किया। डॉ.जी के पाल ने बाल गहन चिकित्सा इकाई (पीआईसीयू) का व्यापक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने ए.ई.एस के लक्षण प्रदर्शित करने वाले रोगियों की उपचार आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रशिक्षण और आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए एम्स पटना की तत्परता व्यक्त की। बिहार के स्वास्थ्य सचिव संजय कुमार सिंह ने एसकेएमसीएच और एम्स पटना के बीच सहयोग की सराहना की और सभी हितधारकों से एईएस के प्रकोप को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए निकट संचार बनाए रखने का आग्रह किया। चर्चा में बिहार हेल्थ सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक श्री सुहर्ष भगत ने भी भाग लिया। बैठक के दौरान, एम्स पटना में बाल रोग के प्रोफेसर डॉ. अरुण प्रसाद और एसकेएमसीएच में बाल रोग विभाग के प्रमुख डॉ. गोपाल साहनी ने उपचार दिशानिर्देशों का अवलोकन प्रस्तुत किया। एम्स पटना के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुप कुमार, कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी के प्रमुख डॉ. संजीव कुमार, अकादमिक डीन डॉ. प्रेम कुमार, बाल चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ. चंद्रमोहन, डॉ. अनिल कुमार कार्यकारी निदेशक के ओएसडी ,और डॉ.संजय पांडे, एम्स, पटना में सीएफएम के प्रमुख द्वारा बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की गई। एसकेएमसीएच की प्रिंसिपल डॉ. आभा रानी सिन्हा ने डॉ. जी.के. पाल और एम्स पटना टीम द्वारा प्रदान किए गए समर्थन और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। एम्स पटना के प्रतिनिधिमंडल में उप निदेशक प्रशासन डॉ. असीम सरफराज, डॉ.भावेश कांत चौधरी, नियोनेटोलॉजी के प्रमुख डॉ. प्रताप पात्रा और पी.एस. आकांशा पाल शामिल थे । बिहार हेल्थ सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक और स्वास्थ्य सचिव की देखरेख में एसकेएमसीएच और एम्स पटना दोनों अच्छी तरह से सुसज्जित हैं और भविष्य में किसी भी एईएस प्रकोप से निपटने के लिए तैयार हैं। एसकेएमसीएच की प्राचार्या डॉ. आभा रानी सिन्हा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुई।

## एम्स पटना में अंतर्राष्ट्रीय इम्यूनोलॉजी दिवस मनाया गया



पटना। एम्स पटना में कार्यकारी निदेशक और सीईओ, प्रो. (डॉ.) जी.के. पाल के नेतृत्व में इम्युनिटी थ्रू द एजेसः नेविगेटिंग द साइंस ऑफ एजिंग एंड इम्यूनोलॉजी विषय पर अंतर्राष्ट्रीय इम्यूनोलॉजी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन इंडियन इम्यूनोलॉजी सोसायटी के तत्वावधान में माइक्रोबायोलॉजी विभाग के साथ जैव रसायन विभाग की प्रमुख प्रोफेसर साधना शर्मा द्वारा किया गया था। इम्यूनोलॉजी के क्षेत्र में संवेदनशीलता और रुचि विकसित करने के लिए रजा इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्रों को ऑडियो-विजुअल शो, कार्यशाला और प्रश्नोत्तरी के माध्यम से इम्यूनोलॉजी के क्षेत्र में हाल की प्रगति के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्राप्त हुए। ह्लएजिंग एंड इम्यूनोलॉजीह्व पर एक संगोष्ठी भी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी निदेशक और सीईओ, प्रो. (डॉ.) जी.के. पाल ने दर्शकों को अपने ज्ञान के शब्दों से प्रेरित किया और प्रतिरक्षा प्रणाली और स्वस्थ उम्र बढ़ने को विनियमित करने में योग के महत्व पर भी प्रकाश डाला। प्रो. प्रेम कुमार, डीन (शैक्षणिक एवं अनुसंधान) और प्रो. अनुप कुमार, एमएस सम्मानित अतिथि थे। प्रोफेसर (डॉ.) साधना शर्मा ने ह्लउम्र बढ़ने में सूजनह्व के क्षेत्र में हाल की प्रगति का वर्णन किया। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर (डॉ.) भास्कर ठाकुरिया ने ह्लबुजुर्गों के संक्रमण में इम्यूनोडायग्नोस्टिक्स की भूमिकाह्व पर चर्चा की। अतिथि वक्ता, प्रो. अभय एच. पांडे प्रोफेसर, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, एनआईपीईआर, मोहाली ने ह्लपॉलीबॉडीज- नेक्स्ट जेन एंटीबॉडीजह्व विषय प्रस्तुत किया जो इस क्षेत्र में सबसे हालिया क्षेत्रों में से एक है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## एनएच 30 के पैजाबा के पास दो वाहन में टक्कर, कोई हताहत नहीं





पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

रफ्तार का कहर लगातार जारी है। एक तो धूप की तपिश और गर्म हवा के थपेड़े के बीच लोग बेहाल हैं। उस पर से तेज रफ्तार वाहन के बीच टक्कर और दुर्घटना का दौर भी जारी है। ताजा मामला बाइपास थाना क्षेत्र के पैजाबा मोड़ के पश्चिम महिंद्रा शोरूम के कट के पास की है। यहां पर स्कॉर्पियो और फोर्ड वाहन के बीच टक्कर हो जाती है। घटना की सूचना मिलने के साथ ही बाइपास थाना की पुलिस पहुंचती है। दोनों वाहन को किनारे किया जाता है। स्कॉर्पियो के चालक शिवदयाल कुमार का कहना था कि वह चकिया से आ रहा था। फोर्ड वाहन के चालक के द्वारा अचानक ब्रेक मारा। इस कारण से उनका वाहन सट गया। इस दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने उनकी गाड़ी को रगड़ते हुए चला गया। मौके पर मौजूद बाइपास थाना की पीएसआई सोनी कुमारी ने बताया कि दोनों वाहन के बीच टक्कर हुई है। दोनों वाहन को रोका गया है। दोनों वाहन में सवार कोई भी हताहत नहीं हुआ है। बाइपास ट्रेफिक पुलिस को सूचना दी गई है। ट्रेफिक पुलिस के आने के बाद मामला उन्हें सौंप दिया जाएगा।

## अधिवक्ता शशि शेखर के निधन पर शोक सभा के बाद काम नहीं

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

व्यवहार न्यायालय पटना सिटी में प्रैक्टिस करने वाले और गायघाट के बबुआगंज के रहने वाले शशिशेखर शर्मा का दिल का दौरा पड़ने के कारण निधन हो गया। इसे लेकर पटना सिटी अधिवक्ता संघ ने मंगलवार को शोकसभा का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा और संचालन महासचिव अशोक कुमार ने किया। इस दौरान मौन रख लोगों ने मृतात्मा की शांति और परिवार के सदस्यों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए अपने इष्ट देव से प्रार्थना की। शोकसभा की समाप्ति के बाद अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से अलग रहे। इस कारण से विभिन्न मुकदमे की सुनवाई, गवाही, जमानत, बेल बांड भरने आदि का कार्य नहीं हो पाया। अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि मृत अधिवक्ता के परिजन को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। शोकसभा में संघ के पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, राम कुमार, शिलाजीत शरण, राजकिशोर पंडित, दिलीप झा, कंचन कुमार, रामबाबू प्रसाद, अजीत कुमार, डॉ राकेश कुमार, अशोक कुमार सिन्हा, मधु कुमारी, मो मसरूर आलम, उज्जवल सागर, हेमलता शर्मा, अभिषेक कुमार, प्रमोद गुप्ता आदि शामिल थे।

## महाप्रबंधक ने गया सहित अन्य स्टेशनों का किया निरीक्षण, यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं का किया मुआयना



प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुरः पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश द्वारा आज विभिन्न स्टेशनों का गहन निरीक्षण कर यात्री सुविधा एव संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया गया। महाप्रबंधक द्वारा सर्वप्रथम गया स्टेशन का गहन निरीक्षण किया गया । इस दौरान महाप्रबंधक ने गया स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, बुकिंग/रिजर्वेशन काऊन्टर, प्लेटफॉर्म, डिस्प्ले बोर्ड, कैटरिंग स्टॉल, पैदल ऊपरगामी पुल, पैनल रूम सहित यात्री सुविधा/संरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया । महाप्रबंधक द्वारा यहां जारी रेल विकास से जुड़े विभिन्न निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया गया । इसी क्रम में महाप्रबंधक द्वारा धनबाद मंडल के हजारीबाग टाउन स्टेशन का भी निरीक्षण किया गया । महाप्रबंधक ने यहां पैनल रूम, साफ-सफाई सहित यात्री सुविधाओं का जायजा लिया । महाप्रबंधक द्वारा बानाडाग कोल साइडिंग का भी निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान मुख्यालय से प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण (दक्षिण) एवं अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित थे । धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किशोर सिन्हा भी निरीक्षण में उपस्थित रहे।

# घर का वेस्ट मैनेजमेंट नौनिहालों को देगा डायरिया व कुपोषण से मुक्ति

### इस वर्ष 2 करोड़ 24 लाख ओआरएस व 2 करोड़ 35 लाख जिनक पैकेट बांटने का लक्ष्य

- पिछले वित्तीय वर्ष में लगभग 90 प्रतिशत रहा था सघन दस्त पखवाड़े का आच्छादन



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। बच्चों में होने वाली डायरिया और उससे उपजी गंभीर परिस्थिति के लिए हमारे घरों के वेस्ट मैनेजमेंट भी जिम्मेवार हैं। घर और घरों के आसपास साफ-सफाई या कचरे का वर्गीकरण और निस्तारण में हम आज भी पीछे हैं, जिससे डायरिया का संक्रमण हमारे घरों पर हमले को हमेशा तैयार रहता है। राष्ट्रीय परिवार हेल्थ सर्वेक्षण के अनुसार, बिहार में डायरिया का प्रसार दर 13.74 है।

डायरिया के सम्बन्ध में सामाजिक परिप्रेक्ष्य को समझाते हुए ह्यविशेष बातचीतह्ल में ये बातें आईआईटी, पटना में ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंस के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ आदित्य राज ने कही। डॉ राज ने बताया कि मध्यम वर्ग के लोग जो बाहर खा-पी रहे हैं, वे वहां कैसी हाइजेनिक स्थिति में और क्या खा रहे हैं? बिना ढका हुआ और साफ-सफाई का ध्यान रखे बना बाहर का खाना भी डायरिया की बड़ी वजह है। कई घरों में बासी खाना खाने का प्रचलन है और व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान नहीं रखना भी खासकर बच्चों में डायरिया का प्रमुख कारक है। इसलिए महिलाओं के साथ घर के पुरुषों को भी चाहिए कि घरेलू चीजों की खरीदारी वहीं से करें जहां चीजें साफ-सुथरी व ताजी मिलती हो। यह पुरुषों की भी जिम्मेवारी है कि बच्चों को हाथ धोने से लेकर व्यक्तिगत स्वच्छता के तौर–तरीके सिखाएं।

डायरिया व कुपोषण से बचाव के लिए ओआरएस और जिंक का होगा वितरण

इस बीच, राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा जारी पत्र के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग 38 जिलों में 2 करोड़ 24 लाख ओआरएस के पैकेट, 2 करोड़ 35 लाख जिंक के टैबलेट ह्यगहन सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ेह्ल के तहत जून/जुलाई में बांटेगी। इसमें राज्य के पांच साल तक के करीब 1 करोड़ 81 लाख बच्चों के बीच ओआरएस के पैकेट बांटे जाएंगे। वहीं आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों को और खासकर समुदाय में व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में बतायेंगी। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में ओआरएस कॉर्नर भी बनाए गए हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में ह्यसघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ेह्ल का आच्छादन लगभग 90 प्रतिशत के आसपास रहा था।

## पांचवें गुरु के अवतार दिवस पर धार्मिक आयोजन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में सिख पंथ के पांचवें गुरु श्री अर्जन देव जी महाराज के अवतार दिवस पर दरबार साहिब में विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। इसके पूर्व पिछले दो दिनों से चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पाठ की समाप्ति हुई। इसका अरदास अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह ने किया। इसके बाद सजे विशेष दीवान में कथावाचक ज्ञानी गगनदीप सिंह व ज्ञानी दलजीत सिंह ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन पर कथा कही। रागी जत्थों में आशा दी वार से भाई जोगिंदर सिंह ने इसकी शुरूआत की। इसमें रागी भाई नविंदर सिंह, भाई कविंदर सिंह, भाई जगत सिंह, भाई ज्ञान सिंह, भाई अरविंद सिंह निर्गुण ने शबद कीर्तन किया। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी बलदेव सिंह ने विश्व शांति व भाईचारे के लिए अरदास किया। आयोजन में प्रबंधक कमेटी के पदधारक व संगत शामिल हुई। दीवान की समाप्ति के बाद गुरु का लंगर भी चला।

## सफाई मित्रों को किया सम्मानित

पटना सिटी (प्राकि)। बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी और भूतनाथ रोड में रोटरी वसुंधरा की ओर से ड्राई लीफ मैनेजमेंट अभियान चलाया गया। इस दौरान सुखे पत्ते को संग्रह करने में सहयोग के लिए वार्ड 46 के सफाई मित्रों, पर्यवेक्षक व सफाई निरीक्षक के साथ पार्षद को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष उमेश कुमार व संचालन श्यामबाबू शर्मा व सतीश कुमार ने किया। अतिथियों का स्वागत डॉ इंद्रजीत कुमार ने किया। चयनित जिलापाल नम्रता नाथ ने भी क्लब के प्रबंधन कार्य की सराहना की। आयोजन में विजय कुमार सिंह, शैलेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## सेवानिवृत तीन सफाई मित्रों का पार्षद विनोद ने किया सम्मान



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नगर निगम के वार्ड 70 के तीन सफाई मित्र सेवानिवृत हो गए। इनमें गरीबन राम, मांगे राम एवं महेंद्र मल्लिक शामिल हैं। वार्ड पार्षद सह सशक्त स्थायी समिति के सदस्य विनोद कुमार ने आवासीय कार्यालय में इन तीनों कर्मियों को ससम्मान विदाई देने का काम किया। साथ ही सेवानिवृत्ति के बाद बिना किसी परेशानी के जीवन का आनंद मिले, इसके लिए शुभकामना दिए।

## चलो चलें मतदान करें के तहत 12 को गाय घाट से चौक तक यात्रा -कार्यक्रम की सफलता को बैठक आयोजित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मतदान करना देश के विकास में अपना योगदान देना है, एक विकसित एवं सशक्त सरकार देश को विकास की ओर ले जाती है। उक्त बातें गायघाट नर्मदेश्वर मंदिर में आयोजित चलो चलें मतदान करें कार्यक्रम के आयोजन की सफलता के लिए आयोजित प्रथम बैठक में अजेय रामदूत फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने कही। उन्होंने यह भी बताया कि 12 मई को चलो चलें मतदान करें कार्यक्रम के तहत गायघाट से पटना सिटी चौक तक पदयात्रा का आयोजन अनुमंडल प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। दर्जनों संस्थाओं एवं विद्यालयों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मतदान करने के लिए जागरुकता लाने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता करने के बाद 12 मई को पदयात्रा में सभी संस्थाओं एवं विद्यालयों के सहयोग से हजारों मतदाताओं की उपस्थिति में पदयात्रा का आयोजन होगा। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं सभी संस्थाओं एवं विद्यालयों को मोमेंटो के साथ प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया जाएगा। विभिन्न संस्थाओं द्वारा रास्ते में शर्बत एवं पीने के पानी की व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम को संतोष कुमार शर्मा, मनोज कुमार गुप्ता, डॉ एचपी सिंह, राजेश पांडेय, विवेक बाबा आदि ने संबोधित किया तथा मुकेश ठाकुर, विजय कुमार, विकास मौड़ीवाल, मनोज कुमार, संजय अलबेला, आकाश कुमार, मुन्ना सरकार, ज्योति गुप्ता, अमित कुमार, सर्व प्रकाश, मनीष कुमार, शाहिद अंसारी , संजय मालाकार आदि का सहयोग रहा।

# संसाधनों के समुचित उपयोग से ही होती है लक्ष्य की प्राप्ति

### प्रभारी प्रधानाध्यापिका की सेवानिवृति पर आयोजित समारोह में बोले बीडीओ

प्रात :किरण संवाददाता



पटना :- गोपाल विद्यार्थी । बच्चों के जीवन में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है कि उपलब्ध संसाधनों का समुचित और सम्यक उपयोग और संचालन किया जाए। संसाधनों के समुचित प्रयोग से ही लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। यह सिद्धांत केवल बच्चों के जीवन पर ही नहीं पर आम लोगों जीवन में भी लागू होता है। उक्त विचार बिक्रम बीडीओ प्रशांत कुमार ने बलियारी गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय मठ बलियारी में मंगलवार को प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुनैना देवी के सेवानिवृति पर आयोजित विदाई समारोह में दिए` बीडीओ ने नवनियुक्त शिक्षकों को शिक्षण स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया व उनकी हौसला अफजाई करते हुए कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होते वे आजीवन समाज के एक मार्गदर्शक होते हैं` मौके पर नीरज कुमार कमल की अध्यक्षता में समारोह आयोजित कर सेवानिवृत हुए प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुनैना देवी को भावभीनी विदाई दी गई, शिक्षिका पूजा कुमारी, सुरभि कुमारी व आरती कुमारी ने विद्यालय परिवार की ओर से सेवानिवृत प्राचार्या को अभिनन्दन पत्र, पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र आदि देकर सम्मानित किया` वहीं मौजूद लोगों सेवानिवृत हुई प्राचार्या कार्यशैली की प्रशंसा की तथा समय समय पर विद्यालय का मार्गदर्शन करते रहने की अपील की` वहीं. विद्यालय के नए प्रभारी के रूप में नीलम कुमारी ने पदभार ग्रहण किया` कार्यक्रम का संचालन पूर्व समन्वयक नीतीश कुमार व धन्यवाद-ज्ञापन प्रभारी प्राचार्या नीलम ने किया। मौके पर शिक्षक नेता मिथिलेश शर्मा, पूर्व समन्वयक सनातन शर्मा, अमित कुमार, तरुण कुमार, मंजू कुमारी व शिवानी समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाओं व स्कूली बच्चे मौजूद थे

## कृत्रिम उपकरण का हुआ वितरण

पटना सिटी (प्राकि)। भारत विकास एवं संजय आनंद विकलांग अस्पताल, पहाड़ी में लगे शिविर में दस मरीजों को कृत्रिम उपकरण प्रदान किया गया। पांच विकृत बच्चों का प्लास्टर किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ सत्यजीत सिंह, विशिष्ट अतिथि के डॉ किरण शरण और डॉ दिवाकर तेजस्वी ने अस्पताल में हो रहे दिव्यांगों की सेवा की सराहना की। अस्पताल के महासचिव बिमल जैन ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। शिविर संयोजक जयदीप जैन को सम्मानित किया गया। मौके पर देशबंधु गुप्ता ने अस्पताल के कार्यकलाप को रेखांकित किया। आयोजन में न्यासी विवेक माथुर, संजय ड्रोलिया, गोपाल जैन, रामलाल खेतान, राजीव अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# मणिपुर से स्मैक मंगा कारोबार करने वाले के घर छापेमारी, एक गिरफ्तार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता





आलमगंज थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि इसी थाना क्षेत्र के गुलजारबाग गुमटी स्थित राहुल कुमार के घर में स्मैक छुपा कर रखा हुआ है। वह इसकी खरीद और बिक्री करता है। इसके बाद मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल ने धावा बोला। यहां से नौ पैकेट में कुल 815.82 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। इसकी बाजार में अनुमानित कीमत 50 लाख आंकी गई है। वहीं नगद 86 हजार 800 के साथ एक मोबाइल बरामद किया गया है। यह जानकारी सिटी एसपी ईस्ट भारत सोनी ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मंगलवार को दी। इस दौरान पटना सिटी-1 के एएसपी शरथ आरएस भी मौजूद थे। सिटी एसपी पी ने बताया कि स्मैक के भंडारण एवं खरीद-बिक्री की सूचना मिलने के बाद छापेमारी दल का गठन कर पटना सिटी के एएसपी एवं पटना नगर निगम के अजीमाबाद अंचल के राजस्व पदाधिकारी रंजन कुमार सिंह के साथ मेहंदीगंज रेल गुमटी के पास छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान राहुल कुमार पिता बलिराम कुमार के दो मंजिला मकान के पहली मंजिल के पश्चिम तरफ स्थित कमरा से नौ पैकेट स्मैक बरामद किया गया। इसका कुल वजन 815.82 ग्राम है। छापेमारी के दौरान ही वहां से 86 हजार 800 नगद और एक मोबाइल भी बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान राहुल ने पुलिस को बताया कि स्मैक मणिपुर से आता है। इसे लेकर जांच एजेंसियों को भी शेयर किया जाएगा। राहुल ने डीलर्स और मेंबर्स के डिटेल्स भी दिया है और मिला भी है। इस पर पुलिस काम कर रही है। एक बात सामने आई कि मणिपुर के कुछ लोग रॉ मेटेरियल सप्लाई कर यहां उसे प्रोसेस कर इंप्योरिटी के आधार पर स्मैक बनाते थे। इसमें मुख्य रूप से राहुल स्मैक को रखता था। वह पटना सिटी के विभिन्न एरिया के अलावा कदमकुआं, पीरबहोर थाना क्षेत्र के सब्जीबाग सहित अन्य स्थानों पर छोटे-छोटे रिटेलर को बेचने के लिए दिया करता था। साथ ही वह उन लोगों से रुपया भी रिकवर करता था। पटना के छोटे-छोटे रिटेलर राहुल के पास स्मैक लेने आता था और छोटा पुड़िया बना कर उसे बेचता था। मणिपुर के कुछ लोग खरीद-बिक्री में मध्यस्थ भी करता था। मणिपुर से ही आकर यहां स्मैक की सप्लाई करता था। जांच आगे की ओर बढ़ रही है। मणिपुर से भी आपूर्तिकर्ता के बारे में पुलिस और अन्य एजेंसियों को भी इसे शेयर किया जाएगा। साथ ही सिटी एसपी ने कहा कि एनडीपीएस एक्ट के तहत पूरी कार्रवाई की गई है। राहुल ने अब तक इस अवैध गोरखधंधे से कहां-कहां अपनी प्रॉपर्टी बनाई है, इसकी जानकारी लेकर उसे भी जब्त करने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी दल में आलमगंज थाना के थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार, परीक्ष्यमान एसआई प्रीतम कुमार, एएसआई संजय कुमार सिंह, देवेंद्र कुमार गौतम, मृत्युंजय कुमार सिंह, सिपाही संतोष कुमार राय, मुन्ना कुमार और नीरज कुमार पासवान शामिल थे।

# इंडी गठबंधन के लोग हताशा में संविधान बदलने की कर रहें बातें:रविशंकर

## बोलें : मोदी सरकार ने 10 सालों में संविधान छुआ नहीं, 3 तलाक जैसा अभिशाप बदला

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस और राजद के संविधान और आरक्षण समाप्त करने के बयान पर दोनों पार्टियों को घेरते हुए कहा कि वे हताशा में ऐसा बयान दे रहे है। उनके पास कोई मुद्दा नहीं है, इस कारण वे ऐसा बोल रहे हैं। पटना मीडिया सेंटर में मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज कांग्रेस और राजद के लोग कह रहे हैं कि भाजपा सरकार में आई तो संविधान बदल देगी। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार 10 साल से है लेकिन अभी तक संविधान छुआ तक नहीं। दूसरी तरफ एनडीए ने ओबीसी संवैधानिक कमीशन को संवैधानिक दायित्व दिया। यही नहीं तीन तलाक जैसे अभिशाप को बदल दिया। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को सबल प्रदान किया। यही नहीं दलित समाज



मुस्लिम लड़कियां आज उड़ा रही है फाइटर प्लेन

से आने वाले रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति बनाया तो आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को सर्वोच्च पद प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि आज मुस्लिम लड़कियां प्लेन उड़ा रही हैं, बॉक्सर बन रही है। प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस देश में 90 बार राष्ट्रपति शासन लगाई जिसमे से 50 बार पूर्व प्रधानमन्त्री इंदिरा गांधी ने लगाया। उन्होंने कहा कि राममन्दिर आंदोलन के दौर में यूपी ही नहीं हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान में सरकार गिरा दी गयी। उन्होंने कहा कि देश मे आपातकाल लगाया गया। उस दौरान लालू प्रसाद भी जेल गये थे और आज कहते हैं कि संविधान खतरे में है। उन्होंने कहा कि उस दौर में संपादकों को भी प्रताड़ित किया गया। उन्होंने जोर देकर कहा कि संविधान शाश्वत है, स्थायी और सम्मानीय है। ये हमारा चरित्र है। उन्होंने कहा कि आज संविधान अगर असुरक्षित है तो कांग्रेस और उनके सहयोगी की सोच के कारण है। भाजपा आरक्षण की पक्षधर शुरू से रही है। उन्होंने कहा कि एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण देश मे बना रहेगा, इसमें किसी को शक नहीं होना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रसाद ने आगे कहा कि आज कर्नाटक में ओबीसी में मुस्लिमो को शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं है। उन्होंने कहा कि आज जो योजनाएं बनती हैं वह किसी एक जाति या धर्म के लिए नहीं बनती। आज मुस्लिम महिलाएं प्लेन उड़ा रही हैं। तीन तलाक समाप्त होने के बाद नया जोश है। यह हमारी सोच है। यह उनकी सोच नहीं हो सकती जो वोटबैंक की राजनीति के लिए योजनाएं तैयार करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज राहुल गांधी संपत्ति सर्वे कराने और क्रांतिकारी फैसले की बात कर रहे हैं। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि आखिर क्या फैसला लेंगे। क्या आप संपत्ति पर हाथ डालेंगे। संपत्ति छीनने की बात कर रहे। राहुल जी अगर आपको संपत्ति लेना ही है तो कहते कि चारा घोटाला, अलकतरा घोटाले की संपत्ति जब्त करते। उन्होंने कहा कि दरअसल, यह राहुल गांधी की अपनी नहीं माओवादी सोच है जो हावी है। इस मामले पर उन्होंने लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव का स्टैंड भी पूछा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भाजपा धार्मिक आधार पर आरक्षण और ओबीसी के अधिकार छीनने का विरोध करेगी। विरासत छीनने का विरोध करेगी। उन्होंने इंडी गठबन्धन से पीएम उम्मीदवार को लेकर भी सवाल किया। प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल, मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, सूरज पांडेय तथा सुमित शशांक भी उपस्थित रहे।

# तुष्टीकरण और लोगों को बरगलाना ही राजद का काम : विजय

- कहा- लालू परिवार के राजनीति में रहने तक बिहारी का सम्मान बढ़ना अकल्पनीय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने लालू परिवार पर हमला बोलते हुए कहा कि लालू और उनके परिवार जब तक राजनीति में रहेंगे, बिहारियों का सम्मान नहीं बढ़ेगा। श्री सिन्हा ने कहा कि उनके शासन में आने के बाद बिहार में नरसंहार, अपहरण, हत्या, लूट, बलात्कार और भ्रष्टाचार ने बिहार को देश में शर्मसार कर दिया। लोग बिहार को घृणा की दृष्टि से देखने लगे। चारा घोटाला से अलकतरा घोटाला तक



दर्जनों घोटालों ने बिहार को बदनाम कर दिया। राज्य में अंधेरा युग की शुरूआत हो गयी। 34 वर्षों के बाद भी लालू जी और उनके परिवार को इसपर पछतावा नहीं है। श्री सिन्हा ने कहा कि सत्ता और विपक्ष, दोनों कार्यकाल में ये सिर्फ आश्वासन देकर ही समय बिताते रहे हैं। पति-पत्नी मुख्यमंत्री रहें, पुत्र उप मुख्यमंत्री के साथ आधा दर्जन महत्वपूर्ण विभागों के प्रभार रहे हैं। पर उपलब्धि के नाम पर तुष्टीकरण, भ्रष्टाचार और लोगों को बरगलाना ही इनका कृत्य है। श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार का चुनाव हो या देश का चुनाव हो, इनके दल के टिकट की नीलामी की चर्चा सरेआम होती है। परिवार में टिकट बांटने के बाद, जो भी सीट खाली बचती है उसकी बोली लगती है। वर्षों से दल के कार्यकर्ता उपेक्षित है। इनकी हार टिकट बेचने के समय ही तय हो जाती है। श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्पित है।

# आरक्षण को ढाल बनाकर जनता को गुमराह करना बंद करे विपक्ष : उमेश

## कहा-राजद ने अतिपिछड़ा समाज को आरक्षण से वंचित रखा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि दो चरणों के चुनाव में जनता द्वारा नकार दिए जाने के बाद विपक्ष पूरी तरह से बौखलाया हुआ है। सारे दांव धराशायी होने के बाद विपक्षी दल अब आरक्षण को ढाल बनाकर जनता को गुमराह करना चाहता है। इससे पता चलता है कि विपक्ष की राजनीति पूरे तौर पर झूठ और दुष्प्रचार की बुनियाद पर टिका हुआ है। श्री कुशवाहा ने कहा कि 15 सालों तक बिहार में लालू-राबड़ी की सरकार थी लेकिन अतिपिछड़ो के प्रति उनकी घृणित मानसिकता के कारण पंचायती राज एवं नगर निकाय संस्था में अतिपिछड़ा समाज द्वारा आरक्षण की मांग को लगातार अनसुना और नजरंदाज किया गया। वर्ष 2005 के अंत में जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बिहार का बागडोर मिला तो उन्होंने सबसे पहले राज्य अतिपिछड़ा आयोग का गठन के साथ-साथ अतिपिछड़ा



समाज के लिए आरक्षण की भी व्यवस्था की। प्रदेश अध्यक्ष ने पूछा कि आज तेजस्वी यादव आरक्षण के पक्ष में लंबे-लंबे भाषण देते हैं लेकिन उन्हें यह स्पष्ट करना चाहिये कि आखिर किन कारणों से 1990 से 2005 तक बिहार के अतिपिछड़ा समाज को आरक्षण की सुविधा से वंचित रखा गया था? प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि राजद और कांग्रेस सिर्फ वोट बटोरने के लिए आरक्षण के हिमायती होने का ढोंग करती है। जबकि इन दोनों पार्टियों ने सिर्फ अपने परिवार को राजनीति में आरक्षण देने का काम किया।

# विकसित भारत के लिए मजबूत सरकार जरूरी : सम्राट



पटना। बिहार उप मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि जंगलराज में प्रदेश से पलायन किए लोग अब सुशासन के दौर में लौटने लगे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सुशासन के राज में आज राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की बेटी भी लौट रही है। उजियारपुर में भाजपा के प्रत्याशी नित्यानंद राय के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज विकसित भारत बनने को ओर बढ़ गया है। विकसित भारत के लिए मजबूत सरकार जरूरी है। उन्होंने कहा कि पहले प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी थे जो सोनिया गांधी द्वारा स्वीच दिए जाने के बाद ही बोलते थे। 2014 में देश का नेतृत्व नरेंद्र मोदी जी के हाथ में आया। श्री चौधरी ने कहा कि विश्व में भारत की अर्थव्यवस्था आज 5 वें स्थान पर पहुंच गई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस देश को पहले सोने की चिड़िया कहा जाता था, तब 200 वर्षों तक अंग्रेजों ने लुटा और 400 वर्षों तक मुगलों ने लूटा, लेकिन आज देश के युवा मेक इन इंडिया का सपना पूरा कर रहे हैं। आज सोने का शेर बन रहा है। श्री चौधरी ने जोर देकर कहा कि आज देश को फिर से मोदी जी की सरकार चाहिए क्योंकि, मुफ्त राशन, मुफ्त इलाज, किसानों को सम्मान निधि, महिलाओं को इज्जत घर, मुफ्त गैस सिलेंडर, कारीगरों को विश्वकर्मा योजना, करोड़ों जीविका दीदियां, गरीब, पिछड़े, दलितों का अधिकार और लाभ जारी रहे। उन्होंने लोगों से भाजपा प्रत्याशी नित्यानंद राय को प्रचंड वोटों से विजय श्री का तिलक लगाने का आग्रह किया।

# फर्जी वादें करना कांग्रेस व उनके सहयोगियों की पुरानी आदत : मंगल

- आगामी चुनाव में हार के डर से कांग्रेस अब फर्जीवाड़ा करने पर विवश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राज्य के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की फेक वीडियो मामले पर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस भ्रम फैलाकर जनता को गुमराह कर रही है। जिस प्रकार फर्जी वीडियो के नाम पर असत्य फैलाने की कोशश की गयी। उसी प्रकार रोजगार, धर्म, संविधान, लोकतंत्र, धारा - 370, नागरिकता कानून समेत अन्य मुद्दों पर असत्य बातें कर जनता के बीच कांग्रेस व उसकी सहयोगी विभिन्न राज्यों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न करना चाहती है। आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री गरीबों के लिए दवाई, कमाई, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की दिशा में विभिन्न जन- कल्याणकारी कार्य कर रहे हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 9 वर्षों में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। पीएम मोदी के शासनकाल में गरीब, महिला, किसान व युवाओं के जीवनयापन में व्यापक सुधार आया है। श्री पांडेय ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस



व उसकी सहयोगी कोई भी हथकंडा अपना सकती है। दो चरणों के चुनाव के बाद अपने आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर बीजेपी और उनके सहयोगी दलों ने 150 से अधिक सीटें पार कर ली हैं और 400 पार करने की दिशा में कार्य कर रही है। कांग्रेस असत्य फैलाकर जनता के बीच भ्रांति पैदा करना चाहती है। भाजपा अनुसूचित जाति - गरीबों को मिलनी वाली हर प्रकार की आरक्षण की समर्थक है और हमेशा इसके संरक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभाएगी। कांग्रेस केवल परिवारवाद, जातिवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से ग्रसित रही है। हमारे लोकप्रिया पीएम मोदी जी ने अपने 10 वर्षों के शासनकाल में पॉलिटिक्स ऑफ परफॉरमेंस को स्थापित किया है। जनता हमेशा परफॉरमेंस करने वाली सरकार को चुनती है। जो देशहित में जरुरी है। श्री पांडेय ने कहा कि फर्जी वीडियो में श्री शाह के बयान को तोड़-मरोड़कर दिखाया गया है। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 153 (दंगा भड़काने के इरादे से उकसाना), 153ए (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच द्वेष को बढ़ावा देना), 465 (जालसाजी), 469 (किसी भी पार्टी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए जालसाजी), और 171जी (चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के इरादे से गलत बयान प्रकाशित करना) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। गृहमंत्री श्री अमित शाह जी की फेक वीडियो साझा करने के आरोप में महाराष्ट्र कांग्रेस (युवा) के सोशल मीडिया हैंडल के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। वहीं इस मामले में तेलंगाना के सीएम श्री रेवंत रेड्डी को भी पूछताछ के लिए दिल्ली बुलाया गया है। इंडिया गठबंधन ने साबित कर दिया कि ये लोग जनता के साथ भी इसी तरह का फर्जी वादा करते होंगे। मगर लोकसभा चुनाव में जनता इनके झांसे में नहीं आएगी और फर्जी करने वालों को सबक सिखा देगी।

# बसपा नेता सरोज राजभर राजद में हुए शामिल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय मे बसपा के बक्सर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह पूर्व प्रदेश महासचिव सरोज राजभर ने अपने समर्थकों के साथ राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह एवं प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद के समक्ष राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। इस संबंध में प्रदेश राजद के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि सरोज राजभर को राष्ट्रीय जनता दल का प्रतीक चिन्ह गमछा ,सदस्यता रसीद देकर राजद की सदस्यता ग्रहण कराई गई तथा लालू प्रसाद के संघर्षपूर्ण और संसदीय जीवन पर आधारित गोपालगंज टू रायसीना पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में जगदानंद सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल सभी वर्गों को साथ लेकर चलने पर विश्वास करती है इसी कारण सभी वर्ग के लोग राष्ट्रीय जनता दल से लगातार जुड़ रहे हैं। इन्होंने कहा कि लालू प्रसाद और तेजस्वी ने शोषितों, वंचितों ,अति पिछड़ो, दलितों और समाज के अंतिम पायदान वाले को न सिर्फ गले लगाया, बल्कि उन्हें हर स्तर पर मान-सम्मान भी दिया। साथ ही साथ सामाजिक न्याय की धारा को मजबूती प्रदान करने के लिए संघर्ष और आंदोलन वाले राजनीतिक कार्यकर्ताओं को पहचान भी दी है। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव, प्रदेश महासचिव मेंहदी हसन, श्री प्रमोद कुमार राम, जेम्स कुमार यादव, उपेंद्र चंद्रवंशी सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे।

# राजद के कुशासन की बात भी बताएं तेजस्वी : मनोरंजन

पटना। जदयू प्रदेश महासचिव एवं मीडिया पैनललिस्ट मनोरंजन गिरी ने बयान जारी कर तेजस्वी यादव पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि देश में बिहार ही एक ऐसा राज्य है जहां महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार में अनुसूचित जाति एवं अतिपिछड़ों के लोगों को पंचायत सहित अनेक क्षेत्रों में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। उन्होंने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने 18 सालों के शासनकाल में जितना रोजगार और विकास का काम किया, इसका 10 प्रतिशत भी काम लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के शासनकाल में नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि राजद के शासनकाल में लाठी भजावन और तेल पिलावन रैली के अलावा कुछ हुआ हो तो तेजस्वी यादव राज्य की जनता को बताएं। उन्होंने आरजेडी के कुशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिहार में 15 साल तक शासन करने वाले राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं उनके युवराज यह क्यों नहीं बता रहे हैं कि, उनके पिताजी और माताजी के शासनकाल में बिहार किस स्थिति में खड़ा था? उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में 17 महीने तक शामिल रहने की चर्चा बार-बार करते हैं, लेकिन अपने माता और पिताजी के 15 साल के शासनकाल को क्यों नहीं बताते हैं? उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव चाहे लाख कोशिश कर लें बिहार की जनता अब आपके झांसे में आने वाली नहीं है।

# लालू प्रसाद के परिवार में भी नहीं है समाजवाद : जदयू

पटना। जदयू मीडिया पैनलिस्ट प्रतिभा सिंह और पल्लवी पटेल ने लालू प्रसाद के समाजवादी होने के दावे पर तंज कसा है। मीडिया को जारी बयान में उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा कि लालू प्रसाद यादव खुद को समाजवादी होने का दावा करते हैं, लेकिन उनको बताना चाहिए कि आखिर उनके परिवार में समाजवाद कहां है? लालू प्रसाद परिवार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की दो बेटियां इस साल का लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं, लेकिन उन्हीं की परिवार में तेज प्रताप यादव की पत्नी ऐश्वर्या के साथ लालू परिवार ने क्या सुलूक किया ये बात किसी से छिपी हुई नहीं है। उन्होंने कहा कि छपरा से चुनाव लड़ रही रोहिणी आचार्य को वो चुनाव के समय छपरा की बेटी घोषित कर रहे हैं, जबकि हर कोई जानता है कि लालू प्रसाद का पैतृक गांव गोपालगंज जिले के फुलवरिया में है। लालू परिवार पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि उनकी बड़ी बहू और तेज प्रताप यादव की पत्नी ऐश्वर्या जो कि छपरा जिले की रहने वाली हैं, उनके साथ लालू प्रसाद यादव परिवार ने कैसा सुलूक किया? उन्होंने कहा कि जिस तरीके से ऐश्वर्या यादव को लालू प्रसाद यादव के घर से बेघर कर दिया गया इसकी सच्चाई हर कोई जानता है। उन्होंने लालू प्रसाद यादव परिवार पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी दो बेटियां लोकसभा का चुनाव लड़ रही हैं, लेकिन वहीं उनकी छोटी बहू जो कि, हरियाणा की रहने वाली हैं वो राबड़ी देवी के साथ बैठकर घर में चक्की पीस रही हैं। पार्टी की मीडिया पैनलिस्टों ने सवाल उठाते हुए कहा कि दरअसल यही लालू प्रसाद यादव का समाजवाद है जहां अपनी बेटियों को सर पर बिठा कर रखो जबकि दूसरे घर से आई बेटियों के साथ दोहरापन वाला व्यवहार करो।

# नाकारात्मक उपलब्धियों पर बोलने की भाजपा में हिम्मत नहीं :गगन

- आधारहीन तथ्यों के आधार पर लोगों को बरगलाने का किया जा रहा प्रयास

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि अभी भाजपा नेताओं में इस बात की होड़ लगी हुई है कि कौन कितना ज्यादा झूठ बोल सकता है। वहीं उसके सहयोगी दलों के नेताओं में इस बात की होड़ लगी हुई है कि कौन कितना अधिक जी-हजूरी कर सकता है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि राजद के परिवर्तन पत्र और कांग्रेस के न्याय पत्र में जिस जनहित के मुद्दों को प्रमुखता दी गई है वह उन्हें पच नहीं रहा है। जनता के बीच जाने का उनके पास अब कोई विकल्प हीं नहीं बचा



है। इसलिए जनता का विश्वास और भरोसा खो चुकी भाजपा के नेता तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर लोगों को भ्रमित करने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा को अपने दस वर्षों की नाकारात्मक उपलब्धियों पर बोलने की हिम्मत नहीं हो रही है तो विपक्षी दलों के बारे में झूठे एवं आधारहीन तथ्यों के आधार पर लोगों को बरगलाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं उनके सहयोगी दल भी अपने अस्तित्व को भाजपा के हाथों गिरवी रख कर न केवल जी-हजूरी में लगे हुए हैं बल्कि वे भी झूठ पर झूठ बोलने के दौर में आगे आने की बेचैनी दिखा रहे हैं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि पिछले दो चरणों में सम्पन्न हुए मतदान में बिहार के मतदाताओं ने जिस प्रकार भाजपा और उसके सहयोगियों को खारिज कर दिया है उससे उनकी तिलमिलाहट काफी बढ़ गई है जिसकी प्रतिक्रिया में वे अनाप-शनाप बोलने लगे हैं। और यही वजह है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से लेकर बिहार में उनके शीर्ष सहयोगी भी तेजस्वी जी द्वारा उठाए गए सवालों का जबाब देने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं। और अनर्गल बातों से लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से धमकी दे रहे हैं।

# नमो-नीतीश के नेतृत्व में हर वर्ग का हुआ उत्थान : राजीव

## दोनों का एकमात्र उद्देश्य विकास

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन एवं प्रदेश प्रवक्ता हिमराज एवं पैनलिस्ट पल्लवी पटेल एवं प्रतिभा सिंह ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा है कि परिवारवादी दल चाहे दुष्प्रचार कर लें लेकिन नमो-नीतीश की जोड़ी के सामने उनका टिकना नामुमकिन है. पिछले दो चरणों के मतदान में जनता के रुख से यह स्पष्ट हो गया है कि अब जनता विकास चाहती है, किसी परिवार की गुलामी करना नहीं है। इस चुनाव में विपक्षी दलों को जनता वोट की ऐसी चोट देगी कि उनका सूपड़ा साफ हो जाएगा. एनडीए बिहार की सभी चालीसों सीटों को जीत कर एक नया इतिहास रचने वाला है। उन्होंने कहा कि दरअसल नमो-नीतीश की जोड़ी ने देश और राज्य की जनता की वर्षो पुरानी मांगों को पूरा किया है। उनके राज में समाज के तबके का उत्थान हुआ है. इसी का परिणाम है कि जहां पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में जहां पूरे देश से 24.8ः लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आये हैं वहीं नीतीश सरकार के राज में 44.52 फीसदी की दर से बिहार के तकरीबन 3.77 करोड़ लोगों की गरीबी मिटी है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि वास्तव में प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार दोनों का एकमात्र उद्देश्य विकास है। उनके नेतृत्व में गरीबों के हित में कई तरह की योजनायें चलायी गयी हैं जिनसे उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवनस्तर में बेहतरीन उन्नति हुई है. बिहार में साइकिल, पोशाक और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं से विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी है। वहीं केंद्र की आयुष्मान भारत, उज्ज्वला, मुद्रा जैसी योजनाओं से करोड़ों लोग लाभान्वित हुए हैं। इसी तरह बिहार की जीविका योजना ने 1.31 करोड़ से अधिक ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बना दिया है। आज घर-घर में शौचालय, पीने का पानी, बिजली, बैंक अकाउंट, गैस कनेक्शन जैसी सुविधाओं की पहुंच हो चुकी है। यह देश और राज्य की उन्नति को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस जैसे परिवारवादियों के राज बिहार का विकास जहां गर्त में पहुंच गया था वहीं आज नीतीश राज में बिहार की 10.64 की विकास दर, देश के विकास दर से भी अधिक है।

# चप्पा चप्पा गूंज उठा है,जन जन का विश्वास जगा है...राजद का थीम सॉग जारी

## राजद कार्यालय में थीम सॉग "अपना तेजस्वी" को राजद प्रवक्ता मनोज झा ने किया जारी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय कपूरी सभागार में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा ने राष्ट्रीय जनता दल का थीम सोंग अपना तेजस्वीजारी किया। थीम सांग की पंक्तियां....चप्पा चप्पा गूंज उठा है,जन जन का विश्वास जगा है, जनता का रण यही लड़ा है, सुख दुःख में यही साथ खड़ा है! जो भी कहा सो कर के दिखाया, हर एक वादा पूरा निभाया,न्याय किया अधिकार दिलाया, परिवर्तन का अलख जगाया! अपना तेजस्वी, अपना तेजस्वी, अपना तेजस्वी....

इस अवसर पर प्रो मनोज झा ने थीम सॉन्ग जारी करने के बाद विस्तार से संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इसमें तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार के 17 महीना के कार्यकाल में किए गए कार्यों की चर्चा तो है ही, साथ ही साथ बिहार विकास के लिए जनहित, समाज हित और महिलाओं के हित में किए गए कार्यों के साथ-साथ स्वास्थ्य व्यवस्था के सुधार के लिए, पर्यटन के क्षेत्र में बिहार को आगे बढ़ाने के अलावा 75 प्रतिशत



आरक्षण की व्यवस्था तथा जातीय गणना के माध्यम से लोगों के लिए जो कार्य तेजस्वी प्रसाद यादव ने अपने कार्यकाल में किए हैं, उस पर धन्यवाद दिया गया और उनके संकल्पों तथा कार्यों की भी बातें की गई है। मनोज झा ने आगे कहा कि बीजेपी नौकरी और जनहित के मुद्दों पर चुनाव में कोई चर्चा नहीं कर रही है, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव पर कुठाराघात किया जा रहा है, और किस तरह से बिना चुनाव के ही भाजपा को जीतने के लिए सूरत और इंदौर में विपक्षी दलों के उम्मीदवारी को जबरन नामांकन वापस करवाया जा रहा है इस तरह के असंवैधानिक कार्यों को आज पूरा देश देख रहा है। भारत के संविधान और संवैधानिक व्यवस्था पर कुठाराघात किया जा रहा है और लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए अपने हिसाब से भाजपा कार्य कर रही है यह स्पष्ट रूप से दिख रहा है। जहां चंडीगढ़ के मेयर चुनाव पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने सच्चाई को लोगों के सामने लाकर स्पष्ट किया कि किस तरह से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर किया जा रहा है। और आज सूरत और इंदौर के मामले पर भाजपा किस तरह से कार्य कर रही है। इस तरह के कृत्यों से लोकतंत्र लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का एक साजिश चल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्रिक व्यवस्था को किस तरह से चलाया जा रहा है इस पर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री चर्चा तक नहीं करते हैं। और बिहार आकर वैसी बातें बोलते हैं जो जनता और जनता के हितों में नहीं होता है और अल बल बोलकर मुद्दों से ध्यान भटका देते हैं। कहा कि थाली और सौहार्द पर बीजेपी वोट क्यों नहीं मांगती है लोगों के हक और अधिकार देने के प्रति चिंतित क्यों नहीं है। मनरेगा में मानदेय और मजदूरी बढ़ाने पर चर्चा क्यों नहीं की जा रही है। महिलाओं के सम्मान के प्रति भाजपा की क्या सोच है यह कर्नाटक में भाजपा के सहयोगी पार्टी के नेता के पोते के मामले पर भाजपा खामोशी से दिख रहा है। और इस पर प्रधानमंत्री चर्चा नहीं करते हैं की महिलाओं के सम्मान के साथ किस तरह से खिलवाड़ हो रहा है। आगे कहा कि लोकतंत्र की संवैधानिक परंपराओं और मान्यताओं पर भगोड़ा प्रवृत्ति के माध्यम से हमला हो रहा है जबकि संविधान में आम लोगों की जिंदगी, जन सरोकार, लोगों के अधिकार और हक देने की बात बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान के किताब से ही मिलती है लेकिन आज इसका किस तरह से हनन किया जा रहा है यह स्पष्ट रूप से दिख रहा है। प्रधानमंत्री जी अपने 10 वर्षों के कार्यकाल पर कोई चर्चा नहीं करते हैं, लेकिन विपक्षी पार्टी के घोषणा पत्र को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत कर रहे हैं यह किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। मोदी जी 2014 और 2019 में भाजपा ने जो देश की जनता से वादे किए थे उसको पूरा करने की जगह आपने बरगलाने का काम किया। हर के खाते में 15 लाख डालने की बात की थी, हर साल 2 करोड़ नौकरी की बातें की थी, महंगाई कम करने और महिलाओं के सम्मान की बात भी कही थी, लेकिन उन सब बातों को आप भुलावें में क्यों रखे हुए हैं। देश की जनता सब देख रही है और जनता आपसे जवाब चाहती है। आप जवाब देने की जगह अनर्गल बातें कर रहे हैं। कहा कि देश ने व्यक्ति प्रेम की राजनीति को 10 सालों से देखा है और उस व्यक्ति के सामने भाजपा के नेता मुंह तक नहीं खोलते हैं, जो लोकतंत्र लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर रहे हैं, जबकि सबको पता है कि लोकतंत्र में सामूहिकता और सब की सहमति आवश्यक होती है जो देखी नहीं जा रही है। इस अवसर पर संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश राजद के प्रवक्ता एजाज अहमद, मृत्युंजय तिवारी, अरुण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता उपेंद्र चंद्रवंशी भी उपस्थित थे।

# राजद का थीम सॉंग, सफेद झूठ के सिवा कुछ नहीं : सेतु

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेश महासचिव और मीडिया पैनलिस्ट ओम प्रकाश सिंह सेतु ने राष्ट्रीय जनता दल के थीम सॉंग अपना तेजस्वी पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने कहा है कि यह सफेद झूठ के सिवा कुछ भी नहीं है। आरोप लगाया है कि यह लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव के कुछ अंधभक्तों द्वारा चरण वंदना के सिवा कुछ नहीं है। श्री सेतु ने कहा है कि आज बिहार का चप्पा चप्पा लालू परिवार के भ्रष्टाचार से गूँज रहा है। लालू प्रसाद की तरह ही तेजस्वी यादव जब भी सत्ता में रहे हैं, भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। तेजस्वी यादव समेत पूरा लालू परिवार जनता का हितैषी होने का सिर्फ स्वांग करता है। दरअसल यह परिवार अपने अलावा किसी के साथ नहीं खड़ा रहता है। जनता को यह सच्चाई पता चल गया है और इस चुनाव में वह तेजस्वी यादव को भी यह अच्छी तरह समझा देगी।श्री सेतु ने कहा है कि तेजस्वी ने ऐसा कोई काम नहीं किया है, जिसे जनता याद रखे। लोगों को याद है तो सिर्फ उनके पिता का जंगल राज।

# देश को हार्ट अटैक के खतरे में झोंकने वाले मौन क्यों: राठौड़

- कोरोना त्रासदी से बड़ा कोविशील्ड कहर

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने ब्रिटेन के कोर्ट में एस्ट्राजेनेका कंपनी के द्वारा कोरोना के कोविशील्ड वैक्सीन से ब्लड क्लोटिंग के खतरे वाले स्वीकारोक्ति हलफनामे के बाद प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि कोरोना की भीषण त्रासदी से भी ज्यादा यह कोविशील्ड कहर आम भारतीयों पर बुरी तरह प्रभावित करेगा। कोरोना के भयावह परिस्थिति को याद करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी स्थितियों को जानते हुए भी सभी भारतीयों को इस वैक्सीन के बिना वाजिब जांच के लगाने को मजबूर किया। देश में हाल में बढ़े हर्ट अटैक के मामले यह बताने को काफी है कि इस वैक्सीन के कारण देश में असमय लोगों की मृत्यु हो जा रही है और कई परिवार बर्बाद हो जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सामने आकर इस बात के लिए देश की जनता को यह स्पष्ट करना चाहिए कि उनकी गलत नीतियों के कारण और 52.5 करोड़ के चंदे के खातिर उन्होंने कई जिंदगियां बर्बाद करने का फैसला ले लिया। वैक्सीनेशन के बाद हार्ट अटैक से होने वाली



मौतों की हजारों वीडियो सामने आईं, लेकिन हमारे प्रधानमंत्री ने आज तक इस मामले का संज्ञान नहीं लिया। अब ब्रिटिश कोर्ट में कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली कंपनी ने जब स्वीकारा है कि वैक्सीन से खून जमने की शिकायत हो सकती है और इसके चलते व्यक्ति में ब्रेन स्ट्रोक, कार्डियक अरेस्ट होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं तो अब इस वैक्सीन की दो दो डोज और तीसरा बूस्टर डोज देने के भारत सरकार के फैसले को समीक्षा की जानी चाहिए थी। लेकिन भारत में कोविशील्ड बनाने वाले सीरम इंस्टिट्यूट ने भाजपा को 52.5 करोड़ का चुनावी चंदा दिया था। हजारों लोगों की मौत के बाद भी एक कमिटी तक नहीं बनाई गई। श्री राठौड़ ने कहा कि लोग कीड़े मकोड़ों की तरह मारे जा रहे हैं और प्रधानमंत्री चुनावी रैलियों में मुगलों और मंगलसूत्र की बात कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### लापरवाही करने वाले बीएलओ की खैर नहीं : बीडीओ

बेनीपुर। (दरभंगा) ।प्रखंड व नगर परिषद क्षेत्र बेनीपुर में 191 मतदान केंद्रों पर 80 फीसदी मतदाता पर्ची का वितरण वोटरों के बीच हो चुका है। बीडीओ सह सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि बचे 20 प्रतिशत वोटर पर्ची का वितरण सभी बीएलओ को दो दिनों के अंदर अनिवार्य रूप से पूरा करना है। इसमें लापरवाही बरतने वाले बीएलओ के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा जिन वोटर को वोटर पर्ची नहीं मिला है। वे मेरे मोबाइल नंबर 9431818204 पर कॉल करें, ताकि उन्हें शीघ्र पर्ची उपलब्ध कराया जाएगा।में 191 मतदान केंद्रों पर 80 फीसदी मतदाता पर्ची का वितरण वोटरों के बीच हो चुका है। बीडीओ सह सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि बचे 20 प्रतिशत वोटर पर्ची का वितरण सभी बीएलओ को दो दिनों के अंदर अनिवार्य रूप से पूरा करना है। इसमें लापरवाही बरतने वाले बीएलओ के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा जिन वोटर को वोटर पर्ची नहीं मिला है। वे मेरे मोबाइल नंबर 9431818204 पर कॉल करें, ताकि उन्हें शीघ्र पर्ची उपलब्ध कराया जाएगा।

### मसाल जुलूस निकालकर मतदान के लिए किया जागरूक

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के साखमोहन पंचायत से पतैलिया पंचायत तक प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र मोहन पासवान की अध्यक्षता में मशाल जुलूस रैली, निकालकर मतदाता को मतदान के लिए जागरूक किया गया। वहीं मशाल जुलूस में शामिल जीविका दीदी को जागरूक करते हुए हर बूथ पर वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदान का महत्व बताया गया। इस मशाल जुलूस में बीपीएम संजीव कुमार पासवान, सीडीपीओ प्रीती, क्षेत्रीय समन्वयक कमल किशोर, कम्यूनिटी कॉर्डिनेटर गोविन्द कुमार, चंदन, पिंकी पप्पू, कमल किशोर एसी, एसजेवाई एमआरपी अभिषेक, श्रवण, गोपाल आलोक नंदन, पतैलिया पंचायत के मुखिया राजकुमार, जीविका कैडर, सहित लगभग 300 से अधिक जीविका दीदी आदि शामिल हुए।

### मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई

कल्याणपुर, समस्तीपुर। प्रखंड क्षेत्र के मजदूर कल्याण केंद्र के परिसर में मुक्तापुर जूट क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसका नेतृत्व बीडीओ देवेन्द्र कुमार ने किया। वहीं क्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत रैली निकालकर घर-घर जाकर मतदाताओं को वोट गीराने को लेकर मतदाता को जागरूक किया गया। वही मतदाता को पहले मतदान करें फिर दूसरा काम करने का नारा देकर जागरूक किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित, अंचलाधिकारी, प्रखंड परियोजना प्रबंधक, जीविका प्रखंड प्रबंधक, प्रखंड समनवयक आशा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी सेविका सहायिका जीविका दीदी सहित सभी शामिल थे।

### भाकपा माले नेता की मृत्यु पर शोक सभा आयोजित

हाजीपुर । महनार प्रखंड के नौरंगपुर निवासी 52 वर्षीय भाकपा माले नेता जगदीश राय जिनकी सड़क दुर्घटना में 29 अप्रैल को निधन हो गया था, के अंतिम यात्रा में माले जिला सचिव विशेश्वर प्रसाद यादव, हाजीपुर सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन उम्मीदवार पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम, राजद नेता पवन कुमार यादव, बिंदेश्वर राय सहित अन्य नेता कार्यकर्ता शामिल हुए। महनारसे 8 किलोमीटर पूरब सरारी पत्थर घाट पर उन्हें अंतिम विदाई दी गई, सभी नेताओं ने उन्हें भाकपा माले का झंडा देकर सम्मानित किया। पत्थर घाट पर शोक सभा आयोजितकी गई। जिसे संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि फासीवाद के खिलाफ निर्णायक संघर्ष के इस दौड़ में कामरेड जगदीश राय का जाना अत्यंत दुखद है।परंतु इस शोक को शक्ति में बदलते हुए फासीवाद को शिकस्त देकर कामरेड जगदीश राय के सपनों को साकार करना है।

# न्यायालय ने दिया आदेश 6-6 माह पर मिलायेगें बच्चे को पिता से

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिले के बेनीपट्टी व्यवहार न्यायालय परिसर में पतौना थाना पुलिस ने कांड के अपहता शोभा देवी को धारा 164दंड प्रक्रिया संहिता के तहत बयान दर्ज कराने हेतु न्यायालय में प्रस्तुत किया। लेकिन इस की खबर गांव में पहुंच गया उसके बाद वाद की अपहता को देखने को लेकर लोगो की हुजूम जुट गई इसलिए की अपहता ने गांव के ही नवासा में बसे गांव के नाती के साथ भाग कर अपने 5 वर्षीय बच्चा लेकर शादी कर लेने की बात सामने आ रही है।बताते चले की राम कृपाल महाराज ने एक लिखित आवेदन पतौना थाना को देकर कथन किया के रात के करीब 12:00 बजे मेरी पत्नी शोभा देवी घर से सोच के बहाने निकली उसके बाद मेरे ही गांव के राधेश्याम महाराज,जय कृष्ण महाराज,शांति कुमारी,रागिनी कुमारी,जयमाला देवी सभी ग्राम अजनौली थाना पतौना जिला मधुबनी ने एक राय होकर शादी करने के नियत से मेरे पत्नी को अपहरण कर लिया गया है मेरी पत्नी के साथ एक बच्चा भी है। अपने स्तर से काफी खोजबीन करने के बावजूद भी नही मिला तो गांव के जयमाला देवी के घर बोलने गया तो जयमाला देवी ने बोली की दो चार दिन में लड़की को बुलाकर दे दूंगा दो-चार दिन बीत जाने के बावजूद भी मेरी पत्नी को वापस नहीं किया तो उसके बाद पुनः बोलने पर उन लोगों ने मेरे साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा इसी संदर्भ में मैने थाना को एक आवेदन देकर साथ में ग्रामीणों के सहयोग से जयमाला देवी को पकड़ कर थाना को सुपुर्द कर दिया गया। पतौना थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जयमाला देवी को न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय बेनीपट्टी भेज दिया।

इस संदर्भ में आवेदक ने बताया कि मैं अपना रोजी-रोटी को लेकर कमाने मेघालय चले गए थे घर पर मेरे पिताजी और मेरी पत्नी अपने बच्चों के साथ रहती थी घर का मैं इकलौता पुत्र हूं। मेरे पत्नी को बहला फुसलाकर कर कुछ खिला दिया है मेरी पत्नी मुझे पहचानने से इनकार कर रही है जिस लड़का ने भगा कर ले गया था वह लड़का अपराधी किस्म का है। आवेदक की बहन कल्पना देवी ने जानकारी देते हुए बताई की लड़की मेरी भांजी भी है और भावी भी है मेरा भाई 06वर्ष पूर्व प्रेम प्रसंग से शादी किया था जिससे एक पुत्र भी जन्म लिया।

मेरे भाई बाहर रहकर मजदूरी का कार्य करता था घर पर पिता जी और भावी बच्चे के साथ रहते थे उसी बीच बहला फुसलाकर शादी करने के नियत से मेरी भावी को अपहरण कर लिया था जिसे आज पतौना थाना पुलिस ने बरामद कर बयान कराने को लेकर कोर्ट लाया है। बच्चे के दादा और पिता अपहता शोभा देवी से बच्चे को लेकर गुहार लगाते रहे लेकिन एक का भी नही सुनी। माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने अपहता शोभा देवी को अपने स्वेक्षा अनुसार जाने की अनुमति इस शर्त के साथ दिए की बच्चों को उनके पिता राम कृपाल महाराज से 6 -6 माह पर मिलवायेगे एवं वीडियो कॉल पर भी बच्चों के पिता से बात कराते रहेंगे।न्यायालय में ब्यान होने के पश्चात अपहता शोभा देवी अपने सास के साथ तथाकथित पति के घर चली गई।

# अगले तीन दिनों तक बनी रहेगी प्रचंड लू की स्थिति

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार के जिलों में फिलहाल भीषण गर्मी से राहत की सम्भावना नहीं है।अगले तीन दिनों तक प्रचंड लू चलने की सम्भावना है। मौसम सम्बंधी यह जानकारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा 1ली भी से 5मई तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में दी गई है।विगत मौसम पूवार्नुमान अवधि के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधितम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 40.1 एवं 22.0 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 61 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 25 प्रतिशत, हवा की औसत गति 20.2 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 8.5 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 10.0 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 26.1 एवं दोपहर में 38.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा। अगले 5 दिनों की मौसम पूवार्नुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में इस अवधि में आसमान प्रायः साफ तथा मौसम के शुष्क रहने का अनुमान है। अगले तीन मई तक शुष्क हवा तथा प्रचंड लू (हीट वेव) की स्थिति बने रहने की सम्भावना है। उसके बाद लू की स्थिति में कमी आने की सम्भावना है। जिसके कारण तापमान में हल्की गिरावट के साथ यह 40 डिग्री सेल्सियस के नीचे आ सकता है।अगले दो-तीन दिनों तक अधिकतम तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। उसके बाद यह तापमान 37-39 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की सम्भावना है। इस अवधि में न्यूनतम तापमान 24-27 डिग्री सेल्सियस के आसपास बने रहने की सम्भावना है।सतही हवा की गति तेज रह सकती है। औसतन 14 से 20 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने की सम्भावना है। 4-5 मई से पूर्वा हवा भी चल सकती है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 40 से 50 प्रतिशत तथा दोपहर में 20 से 35 प्रतिशत रहने की संभावना है। आज का अधिकतम तापमान 41.5डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। किसानों को सलाह दी गई है कि शुष्क एवं गर्म मौसम थ्रिप्स कीट के लिए अनुकुल वातावरण है। ऐसी परिस्थिति में इनकी संख्या चरम पर पहुँच जाती है। यह प्याज को नुकसान पहुँचानेवाला मुख्य कीट है। यह आकार में अतिसुक्ष्म होता है तथा यह पत्तियों की सतह पर चिपक कर रस चुसते है जिससे पत्तियों पर दाग दिखाई देते है जो बाद में हल्के सफेद हो जाते है। श्रीप्स की संख्या अधिक पाये जाने पर प्रोफेनोफॉस 50 ई०सी० दवा का 1.0 मि०ली० प्रति लीटर पानी या इमिडाक्लोप्रिड दवा का 1.0 मि०ली० प्रति 4 लीटर पानी की दर से घोलकर छिड़काव करें। अच्छे परिणाम हेतु चिपकाने वाला पदार्थ जैसे टीपोल 1.0 मि०ली० प्रति लीटर पानी की दर से घोल में मिलावें।

# सीएसपी व जेनरल स्टोर की एस्बेस्टस तोड़ चोरी की वारदात



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली थानाक्षेत्र के बिरौल गांव के वार्ड-2 में सोमवार की रात ग्रामीण उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र एवं सिमी जेनरल स्टोर्स की एस्बेस्टस तोड़ अज्ञात चोरो ने चोरी घटना का अंजाम दिया है. इस संबंध में सीएसपी के संचालक जितेंद्र कुमार यादव के लिखित आवेदन पर खजौली थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुआ है. संचालन जितेंद्र यादव ने कहा कि सोमवार की रात दुकान बंद कर घर चला गया. मंगलवार की सुबह जब दुकान पर पहुंचा तो दुकान का एस्बेस्टस टूटा हुआ था. दुकान के ऊपर टूटे हुए एस्बेस्टस से सीएसपी-सह-सिमी जेनरल स्टोर्स में चोर ने प्रवेश किया एवं उसमें रखें तीन प्रिंटर, एक लैपटॉप, एक कूलर, एक लैमिनेशन मशीन, एक मोवाईल सेट, 25 चार्जर, 40 डाटाकेवल 45 हेडफोन सहित 43 हजार नगद चुरा ले गया. घटना की सूचना खजौली थाना की दी गई. सूचना पर पहुचे पीएसआई जीतेश कुमार मिश्रा ने घटना स्थल पर पहुंचकर मामला की जांच किये. थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज हुई है मामले की जां रही है।

# अग्नि पीड़ित परिवारों से मिली विधायक



प्रात : किरण संवाददाता

जंदाहा। बीते पचिश अप्रैल को अग्नि ने रौद्र रूप धारण कर जंदाहा प्रखंड के दू लौ र ग्राम में लगभग आठ घंटे तक तांडव मचाते हुए पांच सौ से भी अधिक घर को जला कर खाक कर दिया था हुए अग्नि कांड में लगभग एक हजार से भी अधिक लोग बेघर हो गए है।हुए अग्नि कांड की जानकारी मिलने पर महनार की राजद विधायक बीना सिंह अपने दर्जनों समर्थक के साथ दू लौ र ग्राम पहुंची और भयंकर रूप से जले घर को देख कर व्यथित हो गई।उन्होंने जले घर को देखते हुए सभी अग्नि पीड़ित से भी मिलते हुए उन्हें हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया।इस संकट की घड़ी में राजद विधायक श्रीमती सिंह द्वारा सभी अग्नि परिवार के बीच कराही,ताबा हंडा सहित बीस प्रकार के बर्तनों को वितरण किया गया।पीड़ित परिवार एक किचन का सभी बर्तन पाकर काफी खुश हुए और उन्होंने विधायक को कोटि कोटि धन्यवाद दिया।इस मौके पर प्रमुख ओमप्रकाश सह नी,राजद के वरिय नेता रमश्लोक राय,हरिशंकर सिंह,राजद प्रखंड अध्यक्ष, व समाजसेवी राम अनुग्रह सह नी के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# इंडी एलायंस के पास न विजन है, न विश्वनीयता:गोपाल

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। जब सभी से उम्मीद खत्म हो जाती है,तब ह्यमोदी की गारंटीह्व शुरू होती है, उक्त बातें दरभंगा सांसद सह भाजपा(एनडीए प्रत्याशी) डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने कही। वह दरभंगा संसदीय क्षेत्र के बेनीपुर विधानसभा अंतर्गत माधोपुर, जकौली, बाथो, लक्ष्मीपुर, राढीयाम, सुपौल, शिवराम, फरदाहा, तरौनी, रजवाड़ा, नेहरा, लुलवा चौक, रामनगर, नमती, अमैठी, देवराम, हरिपुर, हाविभौआर, कंठूडीह, धरौरा, बहेड़ा, बलनी, जरीसों सहित विभिन्न गांव पहुंचकर जनसंपर्क कर आम लोगों से संवाद किए और आशीर्वाद मांगा। उन्होंने 13 मई को राष्ट्रहित हित में कमल के निशान पर वोट डालने का अपील किए। उन्होंने कहा कि आपका वोट विकसित दरभंगा और विकसित भारत की गारंटी बनेगा। सांसद ने कहा कि 2024 का चुनाव भारत का भविष्य तय करने जा रहा है, आपका एक वोट, सशक्त भारत के संकल्प को मजबूती देने की गारंटी है। ये चुनाव विकसित भारत के संकल्प और आत्मनिर्भर भारत की सिद्धि का चुनाव है। सांसद डॉ ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस हो या आरजेडी, ये लोग सिर्फ अपने परिवार के बारे में सोचते है। इनके लिए सबकुछ इनका परिवार है, इन्हे देश की जनता और विकास से कोई लेना देना नही होता है। देश को लूटकर अपनी तिजोरी भरना, इनका एकमात्र मकसद है। सांसद ने कहा की मोदी सरकार का फोकस महिला, गरीब, किसान, दलित, युवा, शोषित एवं वंचित की सुविधा और समृद्धि पर हैं। उन्होंने कहा कि बीते दस वर्षों में देश विकास के अमृत काल के दौर से गुजर रहा है। वहीं बीते पांच वर्ष के उनके संसदीय कार्यकाल में उनके अथक परिश्रम और जनता के सहयोग से दरभंगा विकास की पटरी पर तेज गति से दौड़ चला है। पीएम मोदी द्वारा एक के बाद एक बड़ी परियोजना का सौगात दरभंगा को दिया गया है। आज दरभंगा परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, आने वाले दिनों दरभंगा का परिदृश्य बदल जाएगा और इसकी गिनती विकसित शहरों में की जाएगी।

# नाम वापसी के उपरांत अब दरभंगा में आठ प्रत्याशीयों के बीच होगा चुनाव

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। लोकसभा आम निर्वाचन के अवसर पर दरभंगा संसदीय क्षेत्र के विधिमान्यतः नाम निर्देशन वापसी के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी राजीव रौशन की अध्यक्षता में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अभ्यर्थी के द्वारा नाम वापसी के लिए आवेदन नहीं समर्पित किया गया है।उन्होंने कहा कि नाम निर्देशन के उपरांत 8 अभ्यर्थियों है, जिनमें मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों के अभ्यर्थी भारतीय जनता पार्टी से गोपाल जी ठाकुर जिनका आवंटित प्रतीक कमल छाप, बहुजन समाज पार्टी से दुर्गा नन्द महावीर नायक जिनका आवंटित प्रतीक हाथी छाप, तथा राष्ट्रीय जनता दल से ललित कुमार यादव जिनका आवंटित प्रतीक लालटेन छाप है।रजिस्ट्रीकृत राजनीतिक दलों के अभ्यर्थी( मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से भिन्न) जिनमें अखिल भारतीय परिवार पार्टी से किशोर कुमार दास जिनका आवंटित प्रतीक केतली छाप है, वाजिब अधिकार पार्टी से रंजीत कुमार राम जिनका आवंटित प्रतीक चिमनी छाप,जनतंत्र आवाज पार्टी से रजनीश कुमार जिनका आवंटित प्रतीक एयरकंडीशनर, मिथिलांचल मुक्ति मोर्चा से सरोज चौधरी जिनका आवंटित प्रतीक गैस सिलेंडर एवं निर्दलीय से मिथिलेश महतो जिनका आवंटित प्रतीक लेडी पर्स है।

# रहिका में सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने मौजूदा सरकार पर जमकर दहाड़े

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी इंडिया महागठबंधन के मधुबनी लोक सभा उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित रहिका के मध्य विद्यालय के प्रांगण में आयोजित नामंकन सह जन आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुये राजद नेता तेजस्वी यादव ने कही। उन्होंने कहा कि देश में गरीबी बेरोजगारी व पलायन रोकने में भाजपा सरकार नाकामयाव रही है।आज रोजगार को लेकर अधिकतर लोग पलायन करने को विवश है।रोजगार को लेकर बिहार में केन्द्र की मोदी सरकार कोई कल कारखाना नहीं लगवा सकी है।उन्होंने कहा कि जनता लगातार 10 वर्ष से एनडीए को समर्थन देकर देख लिया है।अब सत्ता परिवर्तन का समय आ गया है। बिना सत्ता परिवर्तन किये बिहार का विकास संभव नहीं हो सकता है।उन्होंने झंझारपुर,मधुबनी,दरभंगा के प्रत्याशी के पक्ष में मतदाताओं को संबोधित करते रहे।विधानसभा के प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी यादव ने दस वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा दिये गए चुनावी वादा के भाषण का टेप सुनाकर लोगों को एनडीए सरकार के खिलाफ मतदान करने की अपील की।लोगों को मोदी के भाषण को महज जुमला बताकर लोगो को आगाह किया कि केवल हिन्दू मुस्लिम कहकर नागपुरिया तिलिस्म का सहारा भाजपा सरकार ले रही है। बीआईपी नेता मुकेश सहनी ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार दलित,पिछड़ा, अतिपिछड़ा एवं गरीबों के आर्थिक विकास के नाम पर पांच किलो अनाज देकर ठग रही है।गरीबों के लिए अस्पताल,शिक्षा के लिए शिक्षण संस्थान एक भी नही खुलबा सकी है।फिर भी देश के नाम पर विकास का झांसा देकर जनता को ठग रही है।कार्यक्रम में मधुबनी लोकसभा राजद प्रत्याशी अली अशरफ फातमी,दरभंगा लोकसभा उम्मीदवार ललित यादव, विधायक समीर महासेठ,कांग्रेस नेता भावना झा,राजद जिला अध्यक्ष राम अशीष यादव, राज्यसभा सदस्य डा.फैयाज अहमद,मधु राय,बीएमपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनेश्वर महतो, राजद प्रखंड अध्यक्ष चंद्र किशोर मंडल,जिला प्रवक्ता इंद्रजीत राय सहित कई इंडिया गठबंधन के नेताओं ने चुनावी नामांकन सभा को संबोधित किया।

# शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के विरुद्ध दायर हुआ परिवाद मामला स्कूल से लौटते हुए शिक्षक की मौत का

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। विद्यालय से घर लौटते वक्त शिक्षक की हुई मौत , परिजनों ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव, जिलाधिकारी मुजफ़्फरपुर और जिला शिक्षा पदाधिकारी मुजफ़्फरपुर को हत्या का जिम्मेवार मानते हुए कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया गया हूं। दरअसल मुजफ्फरपुर जिले के औराई प्रखंड के महावीर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मटिहानी के शिक्षक डॉ अविनाश कुमार अमर कड़ी धूप में स्कूल से घर लौट रहे थे , दोपहर में तेज धूप में उनकी तबीयत बिगड़ गयी। थोड़ी देर बाद ही उनकी मौत हो गयी । वह मटिहानी में वर्ष 2014 से ही इतिहास के शिक्षक थे ।मृतक के साला परितोष कुमार ने बताया कि विद्यालय में गर्मी की छुट्टी नहीं दी गयी है और इस छुट्टी के दौरान कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षा चलानी है। क्लास खत्म होने के बाद उनके बहनोई अविनाश अपनी बाइक से मुजफ्फरपुर शहर स्थित अपने घर सिकंदरपुर लौट रहे थे। इसी दौरान मेडिकल ओवरब्रिज के निकट तबीयत खराब होने लगी तो उन्होंने अपने सहकर्मियों को सूचना दी। सहकर्मी उन्हें एसकेएमसीच ले गये लेकिन उनको बचाया नहीं जा सका।शिक्षक मूल रूप से हथौड़ी थाना के नरमा कफेन गांव के रहने थे। माता-पिता की देखभाल के लिए शहर में रहते थे। उनके परिवार में एक पुत्र और एक पुत्री हैं, शिक्षक की पत्नी सीतामढ़ी जिले में बाल विकास परियोजना में पर्यवेक्षिका है। अपने बहनोई की मौत से दुखी परितोष कुमार ने मुजफ्फरपुर के सीजेएम कोर्ट में मंगलवार को शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक, मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन और जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार सिंह के ऊपर 302, 120इ/ 34 के तहत परिवाद दायर किया है।

# पातेपुर में एनडीए कार्यकत्ताओं की बैठक में चुनावी रणनीति पर हुई चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

पातेपुर । उजियारपुर संसदीय क्षेत्र की पातेपुर विधानसभा की एनडीए कार्यकत्ताओं की बैठक मंगलवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई।बैठक में लोकसभा के चुनाव में जीत हासिल करने की रणनीति पर चचार्एं की गई।बैठक में आये भाजपा,लोजपा (रामविलास),राष्ट्रीय लोक मोर्चा,जदयू के अलावा हम के कार्यकत्ताओं ने भाजपा की जीत दिलाने के लिये अपने - अपने विचार दिये।पातेपुर विधानसभा के मंडल अध्यक्षों ने मंडल क्षेत्र के बारे में विस्तार से चर्चा की।विधायक लखेन्द्र कुमार रौशन ने एनडीए कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पातेपुर विधानसभा से एक लाख से अधिक मतों से निवर्तमान केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय को जिताएं।उन्होंने कहा कि केंद्रीय योजनाओं की जानकारी लोगों को कराएं।सांसद और विधायक के अनुशंसा से कराए गए कामों को लोगों को बताएं।वह कार्यकत्ताओं को हर गांव कसवों में जाकर लोगों को वोट देने के लिये प्रेरित करें। बैठक की अध्यक्षता जदयू के प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह,संचालन राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने किया।इस अवसर पर भाजपा के विधानसभा प्रभारी अजबलाल साह,नगर अध्यक्ष सुनील कुशवाहा,मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह,आलोक कुमार,दिनेश साह,श्रवण पटेल,असगर अली,मीरा कुमारी,दिनेशराय,सुभाष राय,पहलाद सिंह आदि उपस्थित थे।

# उत्पाद मामले में पांच वर्ष सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए जुमार्ने की सजा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

अनन्य विशेष उत्पाद न्यायाधीश संजय कुमार द्वितीय ने मंगलवार को उत्पाद वाद संख्या 258/18 के मामले में अभियुक्त को दोषी पाते हुए उसे धारा 30 (ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 के तहत पांच वर्ष सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। साथ ही जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने के पर दोषी को छह माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। दोषी पाए गए अभियुक्त की पहचान मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के लाटबसेपुरा के स्व. रामचंद्र महतो के पुत्र नरेश महतो के रूप में बतायी गई है। बताया गया कि 30 अगस्त 2018 की शाम अभियुक्त के घर के परिसर से 15 लीटर किन्वित ताड़ी बरामद करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद बरामद किन्वित ताड़ी के आधार पर मद्य निषेध अधिनियम के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता राम किशोर राय, अभियोजन पक्ष से मद्य निषेध की तरफ से अधिवक्ता पंकज कुमार थे।

# शिक्षक कभी अवकाश ग्रहण नहीं करते : डॉ एनके चौधरी



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।स्थानीय रमावल्लभ जालान बेला महाविद्यालय में अवकाश प्राप्त करनेवाले चार शिक्षकों का विदाई सह सम्मान समारोह महाविद्यालय के सभागार में डॉ नरेन्द्र कुमार चौधरी, प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ चौधरी ने कहा कि यह हमलोगों का सौभाग्य है कि वर्षों तक साथ- साथ शिक्षण कार्य करते हुए हमलोगों को पता ही नहीं चल पाया और आज हमलोगों के बीच इन लोगों के अवकाश प्राप्ति का समय आ गया। प्रधानाचार्य ने इन शिक्षकों के योगदानों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षक कभी अवकाश ग्रहण नहीं करते हैं। मैं इन सभी शिक्षकों के लंबी एवं स्वस्थ जीवन की कामना करता हूँ। इस अवसर प्रो आर एन चौरसिया ने कहा कि तमाम गिरावटों के बाद भी आज शिक्षक का पैशा भी काफी सम्मानित है। सबसे पहले अवकाश प्राप्त करनेवाले शिक्षकों एवं शिक्षिका का पाग चादर, फूल माला, अंग वस्त्र, छाता वगैरह भेंट कर सम्मानित किया गया। अवकाश प्राप्त करने वाले शिक्षकों में डॉ विनय कृष्ण यादव गृहविज्ञान, प्रो राज किशोर चौधरी हिन्दी, डॉ माला सिन्हा अर्थशास्त्र एवं प्रो शिव शंकर प्रसाद साहु गणित विभाग शामिल हैं। समारोह में विचार व्यक्त करनेवालों में डॉ कृष्ण कुमार अग्रवाल बर्सर सह परीक्षा नियंत्रक, प्रो शिवनारायण राय एनएसएस समन्वयक, प्रो ललित मोहन मिश्र नोडल पदाधिकारी, प्रो लालटुना झा, प्रो कामेश्वर प्रसाद यादव, डॉ अब्दुल हादी सिद्दीकी- शिक्षक प्रतिनिधि, प्रो मो मोइनुद्दीन, डॉ उग्र नारायण त्रिवेदी, डॉ ममता झा, प्रो ममता कुमारी, डॉ मानवी झा, प्रो श्यामा कुमारी, प्रो विन्ध्याचल तिवारी, प्रो असलम, अनिल ठाकुर, श्याम कुमार, दिलीप कुमार ठाकुर, वीरेंद्र पासवान, सुरेश पासवान सहित अनेक लोग उपस्थित हुए। आगत अतिथियों का स्वागत डॉ कृष्ण कुमार अग्रवाल ने करते हुए कहा कि इन शिक्षकों का स्वभाव सरल एवं महाविद्यालय के प्रति समर्पित रहा है, जबकि धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रो शिव नारायण राय ने इन शिक्षकों से महाविद्यालय आते रहने का आग्रह किया।

# देवधा थाना क्षेत्र में अपराधियों ने व्यापारी के घर डाला डाका, छह लाख की सम्पत्ति लूटी



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर देवधा थाना क्षेत्र के भगवती चौक के निकट बीती रात व्यापारी अजय पंजियार के घर पर हथियार बंद अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया जिसमें नगद समेत करीब छह लाख मूल्य की सम्पत्ति लूट कर अपराधी फरार हो गये। व्यापारी अजय पंजियार ने बताया कि सोमवार की देर रात 9 से 10 की संख्या में हथियार बंद अपराधी छत के रास्ते घर में प्रवेश कर गये। उन्होंने बताया कि चार अपराधियों के पास पिस्तौल थे तथा अन्य के पास फरसा, कुलहाड़ी एवम अन्य हथियार थे। अपराधियों ने करीब डेढ़ लाख नगद तथा महिला के पहने सोने के आभुषण करीब 5-6 भर जो करीब चार लाख रुपए मूल्य के थे। इसके साथ ही चांदी के ग्लास, प्लेट, तीन मोबाइल समेत अन्य समान बताये गये है। सुचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर तफ्तीश में जुट गयी है तथा अपराधियों के शिनाख्त व गिरफ्तारी के लिए लगी है। थानेदार प्रीति भारती ने बताया कि 8 की संख्या में अपराधियों द्वारा लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। अपराधियों की शिनाख्त व गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है। इधर पुलिस घर में लगे सीसीटीवी फुटेज को लेकर अपराधियों की शिनाख्त को लेकर तफ्तीश में जूट गयी है।

# भूमंडलीकरण के बाद भारतीय अमेरिकी संस्कृति को बढ़ावा : कुलपति

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। भूमंडलीकरण के बाद पूरी दुनिया एक गांव में बदल गई है और ऐसे समय में एक देश दूसरे देश की संस्कृति और सभ्यता के करीब आते जा रहे हैं इस भूमंडलीकरण के दौड़ में भारतीय अमेरिकी पहचान की गतिशीलता संस्कृति का संगम एक अनोखा पाठ बन गया है। उक्त बातें ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने कही प्रो चौधरी स्थानीय सीएम कॉलेज दरभंगा में अंग्रेजी विभाग एवं आइक्यूएसी नैक के सौजन्य से आयोजित विशेष व्याख्यान माला को संबोधित कर रहे थे। व्याख्यान माला का विषय वैश्वीकृत दुनिया में भारतीय अमेरिकी संस्कृतियों की गतिशीलता और अस्तित्व- बोध का उद्घाटन करते हुए प्रो चौधरी ने कहा कि अब दुनिया का कोई भी देश एक दूसरे देश की संस्कृति और सभ्यता से अनभिज्ञ नहीं रहा है जहां तक प्रश्न भारत और अमेरिका का है तो भूमंडलीकरण से पहले भी भारत और अमेरिका का संबंध विभिन्न क्षेत्रों में अटूट रहा है प्रो चौधरी ने कहा कि सीएम कॉलेज दरभंगा में अंग्रेजी विभाग के द्वारा विशेष व्याख्यान माला का आयोजन और उसमें वर्जीनिया कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटी अमेरिका के प्रो रतन कुमार भट्टाचार्य का शामिल होना एक ऐतिहासिक पहला है। व्याख्यान माला के प्रारंभ में अंग्रेजी विभाग के विभाग अध्यक्ष डां सुब्रतो दास एवं डां तनीमा ने व्याख्यान माला के विषय पर प्रकाश डाला और आज के वैश्वीकरण के दौड़ में अमेरिका और भारत के बीच जो सांस्कृतिक संबंध सुदृढ़ हुआ है उस पर अपने विचार रखे। प्रधानाचार्य प्रो मुश्ताक अहमद ने इस विषय के चयन के लिए एवं मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर रतन कुमार भट्टाचार्य कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटी वर्जीनिया अमेरिका को आमंत्रित करने के लिए बधाई दि। प्रो अहमद ने कहा कि भारत और अमेरिका में कई समानताएं हैं भारत दुनिया का सबसे बड़ा प्रजातंत्र देश है और अमेरिका विश्व का पहला प्रजातंत्र देश है जिसने पूरी दुनिया में प्रजातांत्रिक व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत रहा है भारत और अमेरिका का बहुत ही पुराना संबंध रहा है आज जब भूमंडलीकरण के दौर में पूरी दुनिया एक दूसरे के निकट आ गई है। प्रो रतन कुमार भट्टाचार्य ने कहा कि भारत और अमेरिका की शैक्षणिक व्यवस्था में बहुत अंतर है और उसका करण है कि अमेरिका एक विकसित राष्ट्र है और भारत एक विकासशील राष्ट्र है लेकिन आर्ट और कलचर के मामले में भारत पूरी दुनिया में अपनी एक अलग पहचान रखता है वैश्वीकरण के दौर में भी भारत की सांस्कृतिक पहचान बढी है और विशेष कर अमेरिका और भारतीय संस्कृति को बढ़ावा मिला है। प्रो ए के बच्चन, प्रो मंजूर राय ने भी इस व्याख्यान में प्रकाश डाला। मंच संचालन डॉ तनीमा एवं डॉ शांभवी ने किया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए सत प्रतिशत मतदान जरूरी : सुदामा



आरा। पर्यावरण कार्यकर्ता रमेश कुमार सुदामा कि अनूठी पहल, पौधा वितरण कर चला रहे हैं मतदाता जागरूकता अभियान, सुदामा लोगों को पौधा भेज करके लोगों से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का अपील कर रहे हैं, इस दौरान उनके साथ पर्यावरण भारती के संस्थापक रामविलास संडीला हिंदू जागरण मंच के उपाध्यक्ष सोना लाल भी दिखे। इस अवसर पर सुदामा ने कहा कि सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए सत प्रतिशत मतदान जरूरी है इसलिए पहले मतदान तब जलपान करे, एक-एक मतदान से राष्ट्र का निर्माण करें, आओ हम मतदान करें आओ हम मतदान करें। इस कार्यक्रम में डॉ अशोक सब्बू, हरिराम दुबे, मोनू तिवारी, विवेक पांडेय, सर्वेश कुमार, लड्डू ओझा, सहित अनेक लोग सम्मिलित रहे।

### लेवी मांगने के मामले में हुई जुर्माना

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी शाद रज्जाक ने नवीनगर थाना कांड संख्या -86/07, टी. आर. -1533/19 में सुनवाई करते हुए अभियुक्त को दोष स्वीकार करने और मामले को निपटारा का आवेदन स्वीकार करते हुए अभियुक्त अजय यादव पटखोलिया नबीनगर को एक हजार जुमार्ना लगाया। डांट फटकार लगाई और आगे किसी भी घटना के पुनरावृत्ति न करने की चेतावनी दी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अभियुक्त को 18 जुलाई 2007 को नक्सली के नाम पर लेवी लेने के गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी नबीनगर अरूण कुमार द्वारा छापेमारी कर पकड़ा गया था। वाद के सुनवाई के दौरान वह न्यायालय से अनुपस्थित रहने लगा तो न्यायालय ने गैर-जमानती वारंट जारी कर 30 मार्च 2024 को पकड़ कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

### पृथ्वीराज ट्रस्ट के वरीय को पितृ शोक

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के वरीय सदस्य प्रोफेसर विजय कुमार सिंह जी के पूज्य पिता 92 वर्षीय श्लोक सिंह के आकस्मिक निधन पर ट्रस्ट परिवार द्वारा एक शोक सभा का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह के नेतृत्व में उपस्थित लोगों ने उनके सम्मान में दो मिनट का मौन रखा एवं मृतक के आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। लोगों ने यह भी कहा कि श्लोक सिंह एक सामाजिक, धर्म परायण एवं कर्मठी व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे।

### आकाश डिजिटल के छात्र रीतम बनर्जी ने जेईई मेन टॉपर के रूप में चमक बिखेरी

पटना/हुगली। आकाश डिजिटल के छात्र रीतम बनर्जी जेईई मेन 2024 के दूसरे सत्र के लिए पश्चिम बंगाल में शीर्ष प्रदर्शनकर्ता के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने 102 की प्रभावशाली अखिल भारतीय रैंक (एआईआर) हासिल की है। इसके अलावा आकाश डिजिटल के छह छात्रों ने भौतिकी, रसायन विज्ञान या गणित में पूर्ण 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। वहीं 45 छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक हासिल किए हैं, जबकि 172 छात्रों ने जेईई मेन 2024 के दूसरे सत्र में 95 से 99 पर्सेंटाइल के बीच स्कोर प्राप्त किया है, जो अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। व्यापक कोचिंग और सावधानीपूर्वक तैयार की गई सामग्री के लिए आकाश डिजिटल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए रितम अपनी शैक्षणिक यात्रा में संस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हैं। एईएसएल के राष्ट्रीय शैक्षणिक निदेशक अनुराग तिवारी ने रितम और आकाश डिजिटल के सभी छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई दी।

### गोरगावा गांव के 15 अग्नि पीड़ित परिवारों के बिच सीओ ने बांटे चेक

ढाका, (पुर्वी चम्पारण)। गोरगावा गांव में भीषण अगलगी के बाद शेष बचे 15 अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच मंगलवार को ढाका सीओ सतीश कुमार सिंह के द्वारा पीड़ित परिवारों के मुखिया के बीच बारह, बारह हजार रुपए का चेक वितरण किया गया। यहां बता दें की कुल तैंतालीस परिवार को बारह हजार रुपए की राशि प्रशासन द्वारा मिलना है। जिसमें पहले अठाईस परिवार को बारह हजार रुपए की चेक राशि मिल चुकी है। प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है की पीड़ित परिवारों की जिंदगी पटरी पर लौट सके। अगलगी वाले टोले में बिजली सेवा बहाल। गोरगावा दलित बस्ती में अगलगी के बाद बिजली विभाग के एसडीओ के निर्देश पर विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर काम कर पीड़ित परिवारों के मुहल्ले में बिजली सेवा बहाल हो गई है।

# विपक्ष के पास प्रधानमंत्री का कोई उम्मीदवार नही है, सभी लोगों का अपना-अपना दावा : आर के सिंह

## जगदीशपुर और पीरो प्रखंड एनडीए कार्यकर्ताओं का बैठक मे राजग प्रत्याशी सहित एनडीए के प्रमुख नेता हुए शामिल

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। मंगलवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) प्रखंड स्तरीय कार्यकताओ की बैठक जगदीशपुर और पीरो मे हुआ। जगदीशपुर मे बैठक की अध्यक्षता जगदीशपुर नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य कुमार और संचालन अनुप पटेल ने किया। जगदीशपुर और पीरो प्रखंड कार्यकर्ता बैठक मे मुख्य रूप से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी सह केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह कार्यकताओ को संबोधित करते.हुए कहा कि आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है।जिस प्रकार दस वर्षो मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश का मान-सम्मान विश्व मे बढाया है,ऐसे पहले कभी नही हुआ था।आज देश विश्वगुरू बनने की राह पर है। 2047 तक देश विकसित अवश्य बनेगा। नरेन्द्र मोदी जी को पूरा देश ही नही विश्व नेता मान चुका है।आज देश बहुत तेजी से विकास कर रहा है। लोकसभा चुनाव देश का चुनाव है,जहाँ प्रधानमंत्री चुना जाएगा।हमारे पास प्रधानमंत्री का प्रत्याशी नरेन्द्र मोदी जी है,लेकिन विपक्ष के पास कौन है ? वहाँ सोनिया गांधी, राहुल गाँधी,खड़गे,ममता बनर्जी, अखिलेश यादव,अरविन्द केजरीवाल सहित सभी दावे ठोक रहे है,लेकिन देश की जनता नरेन्द्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री चुन चुकी है।अबकी बार निश्चित रूप से एनडीए का चार सौ पार होगा और देश विकसित बनेगा। माले सहित सभी विपक्षी पार्टिया केवल देश और समाज बाँटने की राजनीति करती है।उनके मंसुबो को एनडीए के कार्यकर्ता और देश की जनता पूरी नही होने देगी। वही जगदीशपुर मे राजग गठबंधन घटक दल के नेता पूर्व विधान परिषद सभापति अवधेश नारायण सिंह पूर्व मंत्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, जय कुमार सिंह,जदयू जिलाध्यक्ष संजय सिंह,लोजपा (रामविलास) जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान, रालोमो जिलाध्यक्ष रोहित कुशवाहा, भाजपा लोकसभा प्रभारी जितेन्द्र पांडेय,जिला प्रभारी संजय कुशवाहा, सुषुमलता,उदय प्रताप सिंह सहित पीरो मे पूर्व विधायक सुनील पांडेय, भाजपा नेता कौशल विद्यार्थी, पीरो नगर परिषद अध्यक्ष किरण उपाध्याय आदि नेताओं ने एकजुट हो कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने का उदघोष किए।साथ अपने एनडीए प्रत्याशी के विकास कार्यो और उनकी उपलब्धियों को जन जन पहुंचाने की बात कहा। नेताओ ने कहा कि हमारा प्रत्याशी स्वच्छ छवि और विकास के पर्याय है।इनके द्वारा किया गया कार्य आज जिले के हर जुबान पर है।हमे एकजुट हो कर मतदान केन्द्र पर अधिक से अधिक वोट दिलवाना है। जगदीशपुर मे भाजपा महामंत्री पुनम कुशवाहा, मिथिलेश कुशवाहा, जागा कुशवाहा,मंडल अध्यक्ष विवेक कुशवाहा, विकास सिंह सहित एनडीए घटक दलो के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे। पीरो मे मंडल अध्यक्ष गिरजानंद सिंह,अनिल सिंह,विनोद सिंह सहित एनडीए घटक दलो के नेता और कार्यकर्ता शामिल थे।

## स्वस्थ खानपान और नियमित व्यायाम से मिलेगी रोग से मुक्ति : डॉ. एमएच अंसारी

प्रात : किरण/ अमित राज



आरा। सदर अस्पताल में पदस्थापित जनरल सर्जन डॉ अंसारी ने गर्मी के दिनों में लोगों से विशेष बचाव की सलाह दी है। उनके अनुसार लोग अपने जीवन शैली में बदलाव लाएं नियमित व्यायाम करें और स्वास्थ्य आहार ले। उन्होंने कहा कि जितना हो सके लोग तरल पदार्थ का सेवन करें ताकि लू से बचाव हो शरीर में पानी कम होने के कारण डिहाइड्रेशन का सामना करना पड़ता है जिससे लोगों में बहुत सारी परेशानियां देखने को मिलती है, तले भुने सामानों से परहेज करें और घर पर बने भोजन को ही प्राथमिकता दें। गर्मी के दिनों में लोग फल और जूस का प्रयोग करें, ख्वाजा गरीब नवाज पॉली क्लिनिक जेल रोड खेताड़ी मोहल्ला स्थित क्लीनिक मैं प्रातः किरण के एक मुलाकात में डॉ एमएच अंसारी ने लोगों को इस मौसम में बचाए को लेकर जागरूक होने की सलाह दी। साथ ही इस बात पर जोड़ दिया की अपने जीवन शैली में बदलाव लाए और प्रतिदिन नित्य व्यायाम करें और अपने बच्चों को फास्ट फूड से दूर रखें ताकि उनका भविष्य में पेट की बीमारियों से बचाव हो सके, जितना हो सके मौसमी फल और सब्जियां ही खाएं, डॉक्टर अंसारी ने लोगो से यह भी कहा कि गर्मी में निकलने से पहले अपने सर पर कोई टोपी या कपड़ा अवश्य रखें आंखों पर काला चश्मा लगाए ताकि आपके सर में दर्द की समस्या दूर हो सके।

## राजकीय कन्या मध्य विद्यालय अनाइठ में हुआ विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। आरा शहर के धोबीघाट मोड़ स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में विधालय के वरीय शिक्षिका कुमारी कमला के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय सभागार में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।। जिसकी अध्यक्षता हरेंद्र राय तथा संचालन विद्यालय के शिक्षक रमेश कुमार दास ने किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन वरीय शिक्षका कुमारी कमला ने समाजसेवी भीम सिंह भवेश, मुखिया संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सिंह मुखिया कुरमुरी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संध्या देवी, सचिव अंजू देवी, जदयू नेता अभय विश्वास भट्ट, प्रधानाध्यापक विष्णुदेव सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक विजय सिंह के मौजूदगी में दीप प्रज्वलित कर किया। ततपश्चात छात्र विवेक एवं अमरजीत ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान प्रस्तुत किया। उसके बाद सभी आगत अतिथि को प्रधानाध्यापक द्वारा माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

अपने सम्बोधन में वक्ताओं में कहा कि शिक्षिका कुमारी कमला का सम्बंध सेवा के दौरान सभी लोगो से उत्तम रहा है। ये छात्रों को हमेसा ही मार्गदर्शन करती रही है। विद्यालय के प्रध्यापक विष्णुदेव सिंह ने कहा कि विद्यालय को सुव्यवस्थित तरीके से संचालित करने के लिए कमला मैडम हमेसा लगी रहती थी। विद्यालय परिवार को जहाँ जरूरत पड़ी ये हमेसा कदम से कदम मिलाकर चली।

जब भी कोई कठिनाई आती ये सबसे पहले उसका समधन करने के लिए आगे रहती थी। छात्र हो या शिक्षक ये सबको एक सूत्र में बांधकर रखती थी। इनके अथक प्रयास से इनके कार्यकाल में विद्यालय ने कई उपलब्धियां हासिल किया था। भीम सिंह भवेश ने कहा कि शिक्षा वो बीज है जो बच्चो को संस्कारी और ब्रिलियंट बनाती हैं। शिक्षा वो गहना है जो आपको कभी खाली नही रहने देता। वही पूर्व मुखिया मनोज सिंह ने भावुक होते हुए कहा कि कुमारी कमला गरीब छात्र छात्राओं को पढ़ाने के लिए हमेसा प्रयासरत रही। जब भी उन बच्चो को आर्थिक कठिनाई हो उनको मदद करती थी।

इसके बाद कुमारी कमला मैडम को उपस्थित शिक्षकों, छात्रों एवं उपस्थित अतिथियो ने अंग वस्त्र, अटैची , सम्मानपत्र जैसे कई उपहार दिए। इस दौरान कई पल बेहद भावुक गुजरा। वही सेवानिवृत्त शिक्षिका कुमारी कमला को समारोह में उपस्थित उनके पति और मुखिया संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सिंह ने इस भावुक क्षण में एवं सफलता पूर्वक सेवा समाप्त करने पर अनमोल उपहार सोने का हार दिया, जिसका सभी लोगो ने काफी प्रशंसा किया। वही संगीत का दौर भी चला। उपस्थित लोगों में शिक्षिका कुमारी कमला के परिवारजन के साथ शिक्षिकगण कलावती कुमारी, श्वेता कुमारी,हीरा जी, कौशर जहां, सत्येंद्र नारायण सिंह समेत सभी छात्र एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## काराधीक्षक मंडल कारा सासाराम के वेतन बंद करने का आदेश

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी शोभित शौरभ ने मदनपुर थाना कांड संख्या -144/05, जी आर -2015/2005 में सुनवाई करते हुए अगले आदेश तक काराक्षीक्षक मंडल कारा सासाराम के वेतन बंद करने का आदेश दिया है और कहा है कि जिला कोषागार पदाधिकारी सासाराम आदेश का अनुपालन करते हुए अपने द्वारा की गई। कार्यवाही से व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद को अवगत कराएं। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि यह वाद बीस साल पुरानी है। उच्च न्यायालय पटना द्वारा इसे यथाशीघ्र निष्पादन का निदेश है। यह वाद की भादंवि धारा -147/148/149/427, आर्म्स एक्ट और 17 सी एल ए एक्ट है। कई वर्षो से कई बार प्रोडक्शन वारंट निर्गत किया गया है अभियुक्त निराला जी उर्फ जगदीश यादव विशुनपुर ढिबरा जो नौहट्टा थाना कांड संख्या -36/03 में सासाराम जेल में बंद हैं। मंडल कारा सासाराम को उपस्थापन अधिपत्र विगत कई वर्षो से भेजी जा रही है न संतोषजनक जवाब आया और न ही उत्थापित किया गया है जिसमें वाद दो दशक से लम्बित है। जो न्यायालय आदेश का अवमानना है।

## जेठवार भट्ट में माँ बरेजी ट्रस्ट द्वारा 8 दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं रासलीला का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



भोजपुर। जेठवार भट्ट में माँ बरेजी मंदिर के भव्य भूमि पूजन व माँ काली के प्राण प्रतिष्ठा के पांचवी वर्षगाठ अवसर पर श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं रासलीला का आयोजन तरारी प्रखंड के जेठवार भट्ट ग्राम में माँ बरेजी मंदिर के भव्य मंदिर के भूमि पूजन के सुअवसर पर राधा सर्वेश्वर पीठ गोवर्धन मथुरा वृंदावन के महंत परम पूज्य श्रीमद जगद्गुरु निम्बकाचार्य पीठाधिश्वर स्वंभुराम द्वाराचार्य श्री राधामोहन शरण देवाचार्य जी महाराज के सानिध्य में दिनांक 7 मई से 14 मई तक श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सह रासलीला के आयोजन की तैयारियां अपने अंतिम चरण में है। आयोजक माँ बरेजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री प्रकाश कु राय ने बताया कि माँ बरेजी ट्रस्ट जेठवार भट्ट धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम के तहत माँ बरेजी की भव्य मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन के शुभ अवसर पर इस यज्ञ का आयोजन कर रही है। यज्ञ और पूजन भारतीय संस्कृति की आधार व आत्मा है।वैदिक काल से ही जन कल्याण हेतू यज्ञ का विधान रहा है। 6 मई को कलश यात्रा होगी। 7 मई को यज्ञ का शुभारम्भ होगा। 9 मई को अखंड हरिकीर्तन एवं 10 मई अक्षय तृतीया को माँ बरेजी मंदिर के भव्य मंदिर का भूमि पूजन व माँ काली की प्राण प्रतिष्ठा की पांचवी वर्षगाठ की तिथि निर्धारित है। विदित हो कि 10 मई 2019 को माँ काली मंदिर में माता के प्राण प्रतिष्ठा हुई थी।14 मई को यज्ञ का समापन होगा। 7 से 14 मई तक रात्री में मथुरा की विश्व प्रसिद्ध रासलीला का आयोजन होगा। यज्ञ का निमंत्रण बिहार के साथ साथ उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखण्ड आदि राज्यों में भेजा जा चूका है। जेठवार पंचायत के मुखिया और युवा नेता श्री मुन्ना कुमार ने बताया कि यज्ञ में लगभग 2-3 लाख लोगों के आने की संभावना है। यज्ञ स्थल पर श्रद्धालूओ के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किये गए है।यज्ञ के सफल आयोजन के लिए रमेश राय, राकेश राय, शशिभूषण राय, संतोष राय, पप्पू शर्मा, वतन राय, राहुल राय, विशाल राय, गोलू राय, मनीष राय, डाकबम राय, प्रिंस राय, अभिषेक राय, ऋषि राय, रिंटू राय, विकाश राय, शिवम राय, विकाश राय, हर्षित राय, संजीत राय, अभिषेक राय, नीरज राय, पवन यादव, मुरारी यादव, यश यादव, संटू मालाकार, पलटू विश्वकर्मा आदि सैकड़ो युवा तैयारियों को अंतिम रूप दे रहें है।

## शब्दाक्षर के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री बने धनंजय जयपुरी, साहित्यिक क्षेत्र में खुशी की लहर

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले के प्रख्यात कवि एवं लेखक, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के महामंत्री एवं राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक संस्था 'शब्दाक्षर' के जिलाध्यक्ष धनंजय जयपुरी को 'शब्दाक्षर' के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री के पद पर मनोनीत किए जाने पर औरंगाबाद जिले के साहित्यकारों ने बधाई दी है।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र,उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी, संरक्षक ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह, कवि विनय मामूली बुद्धि, नागेंद्र प्रसाद केसरी, अनिल अनल, जनार्दन मिश्र जलज, अनुज बेचैन, हिमांशु चक्रपाणि सहित अन्य साहित्यकारों ने बधाई संदेश में कहा कि जयपुरी जी का औरंगाबाद जिले में साहित्य के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान है।

आज साहित्य के क्षेत्र में औरंगाबाद ने बिहार स्तर पर अपनी पहचान बनाई है जिसका श्रेय जयपुरी जी को जाता है। साथ ही नवोन्मेष लेखकों को भी इन्होंने काव्य लेखन के प्रति जागरूक किया है। शब्द के चितेरे, समकालीन जवाबदेही, संज्ञा-दर्पण, चित्रा- दर्पण जैसी विविध चर्चित पुस्तकों, पत्रिकाओं में नए लेखकों को जोड़कर इन्होंने विशिष्ट उपलब्धि हासिल की है। 'शब्दाक्षर' संस्था के माध्यम से इन्होंने औरंगाबाद जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में घूम-घूम कर साहित्य को प्रसारित एवं प्रचारित करने का कार्य किया है। जयपुरी जी रचित 'गीता द्रुतविलंबित', 'कहानी अपनी-अपनी' एवं 'सतबहिनी चालीसा' खड़ी बोली की अमूल्य कृतियों में से हैं।शब्दाक्षर के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह द्वारा इस संबंध में पत्र जारी कर राष्ट्रीय प्रचार मंत्री मनोनीत किए जाने की सूचना दी गई। शिव शिष्य पुरुषोत्तम पाठक, अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ रामाधार सिंह, डॉ शिवपूजन सिंह, कवि लवकुश प्रसाद सिंह अवकाश प्राप्त दारोगा सिंहेश सिंह एवं मुरलीधर पांडेय, समाजसेवी शिक्षक अशोक पांडेय ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इससे औरंगाबाद जिला गौरवान्वित हुआ है।

## लोस चुनाव के तैयारी को लेकर एनडीए गठबंधन कार्यकर्ताओं की बैठक: सत्येन्द्र रंजन



अरवल। आगामी लोकसभा चुनाव के तैयारी को लेकर 400 सौ सांसद जिताने के संकल्प के साथ जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को जिताने के लिए जिला मुख्यालय के शिव शक्ति मैरेज हॉल में एनडीए गठबंधन के कार्यकताओं के साथ बैठक किया गया । बैठक की अध्यक्षता अरवल जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने किया जबकि संचालन जद यू के जिलाध्यक्ष रामकिशोर वर्मा ने किये । बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने कहा कि सांसद के रूप में जहानाबाद संसदीय क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है । अरवल में आई0 टी0 आई0 कॉलेज , इंजीनियरिंग कॉलेज ,सामुदायिक भवन , कुर्था में बाईपास ,एवं नाला का निर्माण कराया । कार्यकर्ता बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार , हम जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा , भाजपा के लोकसभा प्रभारी नवीन केशरी , अमरनाथ पासवान सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए ।

## जिलाधिकारी ने किया ईवीएम का प्रथम रेंडमाईजेशन



प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह की अध्यक्षता में ईवीएम का प्रथम रेंडमाईजेशन किया गया। इसके अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिले के दोनों विधानसभाओं से संबंधित क्षेत्रों के ईवीएम सूची को रेंडमाईजेशन के पश्चात सभी उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि को संबंधित सूची उपलब्ध कराई गई। रेंडमाइज ईवीएम को दिनांक 02 मई 2024 को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ डिस्पैच सेन्टर (खेल भवन, गाँधी मैदान, अरवल) में स्थानांतरित किया जायेगा। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी, वरीय नोडल एवं नोडल पदाधिकारी ईवीएम कोषांग, विशेष कार्य पदाधिकारी, सहायक रिटर्निंग पदाधिकारी अरवल, सहायक रिटर्निंग पदाधिकारी कुर्था के साथ अन्य उपस्थित रहे।

## बाल विवाह के बहिष्कार करने आगे बढे जनता : विकास

प्रात : किरण संवाददाता



गया । पलामू जिला के हरिहरगंज के मोतीराज महिला कॉलेज में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के बैनर तले जागरूकता अभियान सह सम्मान समरोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के सचिव विकास कुमार माली व डॉ नरेंद्र कुमार प्रियदर्शी ने किया है। इस अवसर पर संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा की अगामी दिसंबर माह में अयोजित जिले में 251 कन्या के होने वाली सामूहिक विवाह में लोग शामिल होकर होने वाले फिजुल के खर्च को बचाए। साथ ही उन्होंने कहा कि लोग अपने पुत्री या पुत्र का बाल विवाह न कराए। बाल विवाह करने के कारण ही आज गांव से लेकर शहर तक की महिलाएं पड़ताड़ना का दश झेल रही है। अगर बाल विवाह ना हो तो महिला प्रताड़ना से हमारी बहन बेटी बचेगी। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि कन्या विवाह और विकास सोसायटी समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़कर काम कर रहा है। अगर किसी भी गरीब असहाय की पुत्री के अभिभावक जो अपने पुत्री का विवाह करने में असमर्थ हैं। वह कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी संस्था के कार्यालय में पहुंचकर संपर्क कर सकते हैं। सोसाइटी उनकी पुत्री का विवाह में होने वाले खर्च को उठाकर उनका विवाह कराएगा। साथ ही साथ विवाह के बाद मिलने वाले घरेलू उपकरण के उपयोगी सामग्री को भी विदाई स्वरूप देगा। डॉ नरेंद्र कुमार प्रियदर्शी ने कहा कि संस्था बाल विवाह दहेज प्रथा महिला प्रताड़ना जैसे अभियान को लेकर चल रहा है। लोगों को सहयोग करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संस्था के सचिव का यह कार्यक्रम लोगों के हित के लिए है। लोग आगे बढ़कर इसमें हिस्सा ले ताकि बाल विवाह को पूरी तरह से रोका जा सके। उन्होने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी संस्था का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह दहेज प्रथा को समाप्त करना है। संस्था अपनी उद्देश्य को लेकर जमीनी स्तर पर कार्य कर रहा है। लोगों का अगर सहयोग रहा तो आने वाले समय में बाल विवाह दहेज प्रथा भ्रूण हत्या पूरी तरह से समाप्त हो सकता है। इस अवसर पर जिला राजीव रंजन मेहता, फंटूश गुप्ता, पवन यादव, के के रवि, रंजीत प्रसाद, अभिषेक सजन, प्रबंधक गढ़वा अयूब खान, कोषाध्यक्ष ऊषा कुमारी, संस्था के जन सम्पर्क अधिकारी आकाश दीप भारती, सद्दाम अंसारी, टिंकू तिवारी, रिंकू खान, अमजद खान, कृष्णा कुमार आदि उपस्थित थे।

## रफ्तार का कहर, इलेक्ट्रिक पोल से टकराकर एक की मौत दूसरा जिंदगी मौत से लड़ रहा जंग

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा.मंगलवार को रफ्तार का कहर बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क मार्ग पर लक्ष्मीपुर और कोटरहां के बीच देखने को मिला। तेज रफ्तार बाइक दो सवारों ने बगहा की तरफ जाते समय नियंत्रण खोते हुए सड़क किनारे खड़े लोहे के इलेक्ट्रिक पोल से टकराया जिसमे दोनो सवारों को भयंकर चोटें आई है।

घटना की सूचना पर सिर्फ 20 मिनट में घटनास्थल पर पुलिस पहुंचकर घायलों को सीएचसी लेकर आई । डॉक्टर संजय सिंह और विकास कुमार ने बताया कि बरवाखुर्द थाना लौकरिया निवासी 40 वर्षीय कमलेश काजी को मरणासन्न स्थिति में बगहा अनुमंडल अस्पताल रेफर कर दिया गया है।जबकि दूसरे घायल उपर्युक्त निवासी रेशम महतो को भी बेहतर इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल रेफर किया गया है । एसआई महेश प्रसाद ने पुष्टि करते हुए बताया कि घायल कमलेश काजी का इलाज दौरान मौत हो गई है।बतादें,क्राइम सिन की स्थिति, अपाची बाइक का एक हैंडल टूटकर दूर जा गिरा है। एक सवार पोल से टकराने के बाद सड़क पर तो दूसरा सड़क किनारे जंगल की तरफ बेसुध पड़ा हुआ था। जिसे तुरन्त अस्पताल लाया गया जहां से घायलों कमलेश और रेशम की स्थिति गम्भीर देखते हुए रेफर किया गया। लेकिन बगहा इलाज के क्रम में कमलेश काजी की मौत हो गई है।

## उप विकास आयुक्त ने लोक सभा चुनाव को लेकर की बैठक, दिशा-निर्देश जारी

मशरक। उप विकास आयुक्त श्रीमती प्रियंका रानी, सारण द्वारा 19-महाराजगंज लोक सभा आम निर्वाचन के अवसर पर 115-बनियापुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंर्तगत मशरक प्रखंड के सभागार में निर्वाचन पूर्व तैयारी की समीक्षा हेतु बैठक की गई।बैठक में मशरक प्रखंड के सभी सेक्टर पदाधिकारियों को मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा की जांच करने तथा जांच के क्रम में यदि किसी मतदान केंद्र पर किसी सुविधा की कमी पाई जाती है तो संबधित पदाधिकारी से समन्वय करते हुए उसका निदान कराने का निर्देश दिया गया।सभी मतदान केंद्रों को सतत निरीक्षण करने का निर्देश सभी सेक्टर पदाधिकारियों को दिया गया। दिव्यांग एवम 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की जांच कर उनसे संबंधित विवरणी फॉर्म 12ऊ में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।साथ ही बैठक में मतदान कर्मियों के निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न आशंकाओं का समाधान किया गया।बैठक में बीडीओ पंकज कुमार,सीओ सुमंत कुमार समेत अन्य मौजूद रहें।

## मशरक में विष्णु महायज्ञ को लेकर हुआ अग्निमंथन, यज्ञ प्रवचन में पहुंच रहे श्रद्धालु

मशरक। मशरक के कोड़रांव गांव में श्री राम जानकी मठ के प्रांगण में विश्व कल्याणार्थ आयोजित 9 दिवसीय विष्णु महायज्ञ के यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अग्नि मंथन हुआ । आचार्य अवधकिशोर पांडेय,संतोष तिवारी के द्वारा संपन्न सस्वर मंत्रोच्चार के बीच यजमान प्रखंड पैक्स अध्यक्ष विश्वजीत सिंह अपनी धर्मपत्नी जूली सिंह के साथ अग्नि मंथन विधि संपन्न कराया। जिसके पश्चात सभी हवन कुंड में अग्नि प्रज्वलित कर विधिवत हवन पूजा प्रारंभ हुआ। यज्ञ मंडप में हवन पूजन से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया है। ग्रामीण प्रातः कालीन एवम सांध्य कालीन सत्र में पीला वस्त्र धारण कर विधिवत पूजन कर रहे है । विष्णु महायज्ञ में भाग लेने महिला पुरुष श्रद्धालु आसपास के गांव से भी भारी तादाद में राम जानकी मठ अवस्थित यज्ञ शाला पहुंच रहे है। वयोवृद्ध पूर्व मुखिया छोटे प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजन समिति से जुड़े दर्जनों सदस्य यज्ञ मंडप से लेकर सम्पूर्ण मेला परिसर में बेहतर संसाधन, सुविधा एवम सुरक्षा को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है।

## भीषण हादसा टला ट्रैक्टरों से पानी ढोया गया

बगहा। आसमानों से बरसते आग और तपती भूमि आगलगी जैसे हादसों को जन्म दे रही है उसपर तुक्का यह कि आगलगी के शोलों को पछिया हवा और भड़का रही है। बतादें की इन सबके बीच वाल्मीकिनगर स्थित हवाई अड्डे में सोमवार रात्रि के पहले पहर करीब 8 बजे आग लगने की बात चारों तरफ जंगल की आग की तरह फैल गई। आसपास के गांवों के लोग जो मिला उसी मर्तबान में पानी लेकर दौड़ पड़े। कुछ लोगों ने ट्रैक्टर ट्रॉली में बर्तनों और ड्रामों में पानी भरकर आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटे लेकिन शुष्क मौसम की वजह से आग विकराल रूप धारण करने लगा। जदयू के प्रखंड उपाध्यक्ष लड्डू शर्मा ने बताया कि इस कि सूचना स्थानीय थाना समेत बगहा के वरीय अधिकारी को भी दिया गया।

## हवाई अड्डे में लगी आग पर ग्रामीणों ने पाया काबू



बगहा. आसमानों से बरसते आग और तपती भूमि आगलगी जैसे हादसों को जन्म दे रही है उसपर तुक्का यह कि आगलगी के शोलों को पछिया हवा और भड़का रही है। बतादें की इन सबके बीच वाल्मीकिनगर स्थित हवाई अड्डे में सोमवार रात्रि के पहले पहर करीब 8 बजे आग लगने की बात चारों तरफ जंगल की आग की तरह फैल गई। आसपास के गांवों के लोग जो मिला उसी मर्तबान में पानी लेकर दौड़ पड़े। कुछ लोगों ने ट्रैक्टर ट्रॉली में बर्तनों और ड्रामों में पानी भरकर आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटे लेकिन शुष्क मौसम की वजह से आग विकराल रूप धारण करने लगा। जदयू के प्रखंड उपाध्यक्ष लड्डू शर्मा ने बताया कि इस कि सूचना स्थानीय थाना समेत बगहा के वरीय अधिकारी को भी दिया गया लेकिन को सहायता मौके पर उपलब्ध नहीं हो पाई। उपाध्यक्ष ने आगे बताया कि वाल्मीकिनगर थाना में एक दमकल गाड़ी है लेकिन वह भी बिगड़ा हुआ है जो अधिकारियों की उदासीनता की भेंट चढ़ी हुई है। बतादें की हवाई अड्डे में लगी आग के घटनास्थल के आजूबाजू में कैलास नगर और ठाढ़ी गांव बसा हुआ है। जहां आग के फैलने से भरी तबाही हो सकती थी । लेकिन हवा के विपरीत दिशा के रुख और ग्रामीणों की मेहनत व सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से टल गया।

# बारात जा रही स्कॉर्पियो पर पलटा गिट्टी लदा हाइवा, 6 लोगों की मौके पर हुई दर्दनाक मौत

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। जिले भर में सड़क हादसों का दौर लगातार जारी है। इसी कड़ी में एक और भीषण हादसा घटित होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि बारात जा रही स्कार्पियो पर गिट्टी से भरी हाइवा ट्रक अचानक पलट गई। इस घटना में 6 बारातियों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी है। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी बताया जा रहा हैं। सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भेजा गया है। घटना में घायल हुए लोगों के बारे में बताया गया है कि सभी लोग स्कॉर्पियो पर सवार हो बारात जाने हेतू पीरपैंती जा रहे थे, तभी बीच रास्ते में घोघा के समीप स्कॉर्पियो पर एक गिट्टी लदा हाइवा पूरी तरह से पलट गई, जिसमें दबकर 6 लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के दौरान स्कॉर्पियो पर चालक समेत कुल 9 लोग सवार थे। घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घोघा थाना क्षेत्र अंतर्गत आमापुर गांव के समीप एनएच 80 पर एक गिट्टी लदा हाइवा अचानक



स्कॉर्पियो पर पलट गया है। वही इस घटना के बाद से शादी के हँसी खुशी का माहौल चीत्कार की गूंज व गम के माहौल में तब्दील हो गया है। फिलहाल स्थानीय लोगों व पुलिस के सहयोग से सभी घायलों के त्वरित इलाज के लिए आनन फानन में बेहतर मायागंज अस्पताल के इमरजेंसी सर्जरी वार्ड में भर्ती कराया गया है। हादसे को लेकर बताया जा रहा है कि हाइवा ट्रक का अचानक टायर फट जाने की वजह से अनियंत्रित होकर हाइवा ट्रक पलट गई और यह घटना घटित हुआ है। वही घटना के संबंध में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बारात मुंगेर के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र से पीरपैंती श्रीमदपुर जा रही थी। जहां हवेली खड़कपुर के सुनील दास के बेटे मोहित की शादी होनी थी, जिसके बारात में कई वाहन भी शामिल थे, लेकिन स्कार्पियो पीछे से जा रही थी। वही स्थानीय लोगों की माने तो स्कॉर्पियो सवार सभी लोग बारात में शामिल होने कहलगांव की ओर जा रही थी। तभी कहलगांव की तरफ से आ रही गिट्टी लदा ओवर लोडेड हाइवा ट्रक पास से गुजरने के क्रम में अचानक स्कार्पियो पर ही पलटी खा गई। स्थानीय जानकारों की माने तो सड़क निर्माण कार्य गलत तरीके से किये जाने की वजह से सड़क के एक तरफ रोड ऊंचा है तो दूसरी तरफ नीचा है, जिसके अत्यधिक दबाव के वजह से ट्रक का टायर फट जाता है और घटना घटित हो जाती हैं, वही इसी कारण से हाइवा ट्रक चालक ने भी संतुलन खो दिया और बारात जा रही स्कॉर्पियो पर पलटी खा गई। इस हादसे के बाद मौके पर ही पूरा माहौल चीख-पुकार की गूंज में तब्दील हो गई और अफरा तफरी मच गयी थी। बताया जा रहा है कि मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है।

## नामांकन के अंतिम दिन चार प्रत्याशीयों ने अपना नामांकन पर्चा चुनाव पदाधिकारी के सामने किए दाखिल

प्रात: किरण ब्यूरो




मुंगेर। मंगलवार को मुंगेर चेंबर ऑफ कॉमर्स शाखा हवेली खड़गपुर आगामी 4 मई को होने वाले चुनाव का नामांकन के अंतिम दिन दो अध्यक्ष एवं दो सचिव संयुक्त रूप से नामांकन किया। उपरोक्त बातें मुख्य चुनाव आयोग किशोर कुमार अग्रवाल एवं सहायक चुनाव आयोग अरुण कुमार साह ने संयुक्त रूप से कहा कि दो दिन के नामांकन प्रक्रिया में आज अंतिम दिन निवर्तमान अध्यक्ष संजीव कुमार अध्यक्ष पद पर एवं निवर्तमान सचिव सुरेश बाजोरिया सचिव पद पर तथा अध्यक्ष पद पर अंजनी कुमार एवं सचिव पद पर नीरज कुमार सचिव के रूप में संयुक्त तौर पर नामांकन दाखिल किया। उन्होंने कहा कि आगामी 01 मई को नाम वापसी तथा 04 मई में को नगर के साहू ठाकुरवाड़ी में सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक मतदान होगा। मतदान के पश्चात मतगणना की प्रक्रिया तथा आम सभा का आयोजन किया गया है । पर्यवेक्षक के रूप में मुंगेर चेंबर ऑफ कॉमर्स मुंगेर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। नामांकन प्रक्रिया के बाद में वर्तमान अध्यक्ष संजीव कुमार तथा वर्तमान सचिव सुरेश बाजोरिया ने संयुक्त रूप से कहा की सदस्यों की सुरक्षा हमारी प्रथम प्राथमिकता है 03 वर्षों के कार्यकाल में संगठन के विभिन्न पहलुओं पर समस्या का समाधान कराया गया। इस उपलक्ष्य पर सच्चिदानंद सिंह शुभम केसरी दिलीप टिंबडेवाल सुभाष केसरी आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### हिट्वेव बढने से संचालित नहीं होंगे विद्यालय और आंगनबाड़ी : डीएम

भागलपुर। जिले भर में बढ़ते हीट वेब को लेकर जिला दण्डाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी द्वारा संतुष्ट होकर दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित आदेश पारित कर दिया गया है। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि वर्तमान में भीषण गर्मी एवं गर्म हवा चलने के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना के दृष्टिगत भागलपुर जिले के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय (प्री-नर्सरी एवं आगंनबाड़ी केन्द्र सहित) में पठन-पाठन का कार्य 10.30 बजे पूर्वाह्न से 04.00 बजे अपराह्न तक संचालित नहीं होगा। साथ ही सभी विद्यालय के प्राचार्यो को सख्त चेतावनी के साथ निर्देश दिया है कि अपने अपने विद्यालयों में उक्त आदेश के अनुरूप पठन पाठन की समय अवधि का बदलाव के साथ निर्धारण करना सुनिश्चित करेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी सदर, भागलपुर, नवगछिया, कहलगाँव, जिला शिक्षा पदाधिकारी भागलपुर, जिला कार्यक्रम समन्वयक, सर्व शिक्षा अभियान भागलपुर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी व आईसीडीएस भागलपुर को इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतू आदेश जारी कर दिया गया है। यह आदेश भागलपुर जिले की सीमाओं में प्रभावी होगा।

### दो अपराधकर्मीयों को पुलिस ने किया गिरफ्तार : डीएसपी

भागलपुर। लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अवैध शराब, स्वांस मादक पदार्थ की बरामदगी को लेकर सघन छापेमारी, वाहन चेकिंग एवं सर्च अभियान चलाया जा रहा था। इसी कड़ी में पुलिस को सूचना मिली कि लैलख मलमखा स्टेशन के पास अज्ञात चोर गिरोह सक्रिय रूप से स्टेशन से लैलख गाँव जाने वाली रोड में लुट की घटना को अंजाम देकर जेवरात एवं मोबाईल लेकर पहुंचा हैं तथा बेचने के लिये ग्राहक का खोजबीन कर रहे हैं। वही प्राप्त सूचना के आलोक में सत्यापन जांच कर आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक, भागलपुर के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी में पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। वही गठित टीम द्वारा सूचना स्थल पर पहुंचकर लुट के सामान के साथ दो अपराधकर्मी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

### वाल्मीकिनगर में डब्लूडब्लूएफ की ट्रांसबॉण्डरी मीटिंग संपन्न

बगहा। दो दिनों से डब्लूडब्लूएफ के सौजन्य से इंडो नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों के समुदायों के बीच आपसी सामंजस्य स्थापित कर वन सुरक्षा के लिए कार्य करने के मुद्दों पर विचारविमर्श कमलेश मौर्या के अध्यक्षता में संपन्न हुई। डब्लूडब्लूएफ के सन्नी ने बताया कि एक दिन पूर्व सोमवार को मगुरहां में बैठक की गई और मंगलवार को वाल्मीकि बिहार में दोनो देशों के समुदायो के बीच बैठक की गई।बतादें की बैठक में दोनो तरफ के जीव जंतुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए अपने अपने यहां जीविकोपार्जन के लिए जीविका का विकास करेंगे। सोमवार को मंगुरहां,चितवन के माड़ी आदि समुदायों के बीच बैठक की गई। वहीं मंगलवार को ऊपरी शिविर जंगल कैम्प के विहार होटल परिसर में बैठक संपन्न हुई।

### शादी की नियत से दो युवतियों को किया गायब

दरियापुर।स्थानीय व डेरनी थाना क्षेत्र के अलग अलग गांवों से दो किशोरियों को शादी की नीयत से गायब कर दिया गया।स्थानीय थाना क्षेत्र के भगवानपुर से एक युवती को कुछ लोगों ने शादी की नीयत से बहला फुसला कर भगा लिया।इस संबंध में किशोरी के पिता ने अपने ही गांव के निरहू कुमार सहित तीन लोगों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।वहीं डेरनी थाना क्षेत्र के जुमन टोला से एक 16 वर्षीया किशोरी को भी शादी की नीयत से बहला फुसला कर भगा लिया गया।इस संबंध में किशोरी के पिता ने डेरनी व सोनपुर के आठ लोगों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।पुलिस छानबीन कर रही है।

### भीषण हादसा टला ट्रैक्टरों से पानी ढोया गया

बगहा।आसमानों से बरसते आग और तपती भूमि आगलगी जैसे हादसों को जन्म दे रही है उसपर तुक्का यह कि आगलगी के शोलों को पछिया हवा और भड़का रही है। बतादें की इन सबके बीच वाल्मीकिनगर स्थित हवाई अड्डे में सोमवार रात्रि के पहले पहर करीब 8 बजे आग लगने की बात चारों तरफ जंगल की आग की तरह फैल गई। आसपास के गांवों के लोग जो मिला उसी मर्तबान में पानी लेकर दौड़ पड़े। कुछ लोगों ने ट्रैक्टर ट्रॉली में बर्तनों और ड्रामों में पानी भरकर आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटे लेकिन शुष्क मौसम की वजह से आग विकराल रूप धारण करने लगा।

## सामान्य पर्यवेक्षक विजय कृष्णन ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी व लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अभ्यर्थियों के साथ साथ की समीक्षा बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, मुंगेर अवनीश कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक, मुंगेर सैयद इमरान मसूद एवं 28-मुंगेर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक विजया कृष्णन ने 28-मुंगेर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अभ्यर्थियों एवं उनके निर्वाचन एजेंट के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक की। निवार्ची पदाधिकारी के रूप में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन एजेंट को निर्वाचन प्रक्रिया के संदर्भ में विस्तृत रूप से जानकारी ली। आदर्श आचार संहिता के संबंध में जानकारी देते हुए शत प्रतिशत अनुपालन करने का अनुरोध किया गया। निर्वाचन व्यय सीमा, वाहन, लाउडस्पीकर, सभा, जूलूस, रैली के संदर्भ में कैसे और किससे अनुमति प्राप्त करे अवगत कराया। उन्होंने डिस्पैच सेंटर संग्रहण केन्द्र, मतगणना, मतदान केन्द्रों/सहायक मतदान केन्द्र, ईवीएम रैण्डममाईजेंशन सीलिंग के संबंध में




भी जानकारी दी। नक्सलवाद के कारण स्थल परिवर्तन एवं 167-सूर्यगढ़ा विधान सभा क्षेत्र में मतदान के समय के संबंध में भी अवगत कराया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी अभ्यर्थियों को अनिवार्य रूप से निर्वाचन व्यय लेखा की जांच निर्धारित तिथियों को कराया जाना है।

बताया गया कि प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए निर्वाचन की व्यय सीमा 95 लाख निर्धारित है। व्यय लेखा की जांच नहीं कराये जाने पर 6 वर्ष निर्वाचन के लिए वंचित किये जाने का प्रावधान है। 11 मई को 6 बजे संध्या तक ही चुनाव प्रचार का समय है। वहीं सूर्यगढ़ा में जहां मतदान का समय संध्या 04 बजे तक निर्धारित है वहां 11 मई को संख्या 04 बजे तक ही चुनाव की अनुमति है। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों के निर्वाचन प्रक्रिया संबंधी प्रश्नों एवं जिज्ञासा पर उन्हें तथ्यों एवं प्रावधानों से अवगत कराया गया। निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी से कहा कि आपकी कोई अगर कोई समस्या या कठिनाई होने पर साकारात्मक रूप में सहयोग एवं समाधान किया जायेगा। 28-मुंगेर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक विजया कृष्णन ने सभी अभ्यर्थियों को आदर्श आचार संहिता का पालन करने एवं आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पाये जाने पर सीविजिल ऐप पर शिकायत दर्ज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत या समस्या के संबंध में उनके मोबाईल दूरभाष नम्बर 8434050654 पर संपर्क किया जा सकता है एवं जिला अतिथि गृह, मुंगेर में संध्या 05:00 बजे से 06:00 बजे तक मिलकर अपनी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते है। मंगलवार 28-मुंगेर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अंतिम रूप से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह उपलब्ध कराया गया।

## दो दो मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी नौवागढ़ को नहीं मिल पाया स्वतंत्र प्रखंड का दर्जा

### दो दशक से अधिक समय से क्षेत्रवासी स्वतंत्र प्रखंड के लिए कर रहे हैं आंदोलन

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। वर्ष 2009 में हुए नये परिसीमन के बाद मुंगेर एवं जमालपुर विधानसभा के राजनीतिक केंद्र बिंदु बने उभरे नौवागढ़ी क्षेत्र को दो-दो मुख्यमंत्री राबडी देवी एवं नीतीश कुमार की घोषणा के बाद भी स्वतंत्र प्रखंड का दर्जा नहीं मिल पाया है। हर लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में यहां के लोगों को नौवागढी को प्रखंड बनाने का आश्वासन विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों द्वारा मिलता रहा है, लेकिन 24 वर्ष पुरानी नौवागढ़ी को प्रखंड बनाने की मांग अब तक पूरी नहीं हो सकी है। वर्ष 2024 के संसदीय चुनाव में नौवागढ़ी प्रखंड का मुद्दा एक बार फिर गर्म है। रहनुमाओ को इस मुद्दे पर जनता जनार्दन को जवाब देना होगा कि आखिर नौवागढी को इतने वर्षो के बाद भी स्वतंत्र प्रखंड का दर्जा क्यों नहीं मिल पाया ?

चरणबद्ध आंदोलन के बाद भी नौवागढ़ी को स्वतंत्र प्रखंड का दर्जा




नहीं मिलने से क्षेत्रीय मतदाता अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। बताते चले कि अखिल भारतीय डा. अंबेडकर सेवा समिति नौवागढ़ी के सचिव रणजीत कुमार विद्यार्थी ने वर्ष 2001 में तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव सहित अन्य मंत्रियों को पत्र लिखकर नौवागढ़ी क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति से अवगत कराते हुए नौवागढ़ी को स्वतंत्र प्रखंड का दर्जा दिए जाने का मांग किया था। इसके बाद तत्कालीन डीएम राधेश्याम बिहारी सिंह से जांच रिपोर्ट तलब किया था। डीएम के निर्देश गठित 03 सदस्यीय टीम ने अपने रिपोर्ट में लिखा था की भौगोलिक दृष्टिकोण से सभी पंचायते एक दूसरे के करीब है। प्रस्तावित प्रखंड का केंद्र बिंदु नौवागढ़ी बाजार है। पूरे प्रखंड का क्षेत्रफल 62,30432 हेक्टेयर है। प्रस्तावित प्रखंड की आबादी 01 लाख के करीब है। प्रखंड बनने से एक लाख की आबादी लाभान्वित होंगे। वर्तमान में यहां के लोगों को 15 से 20 किलोमीटर की दूरी तय कर मुंगेर सदर तथा जमालपुर प्रखंड कार्यालय आना-जाना पड़ता है। बताते चले कि सामाजिक कार्यकर्ता रंजीत विद्यार्थी इस मुद्दे को लेकर हमेशा मुखर रहे हैं तथा आंदोलन के साथ साथ अपनी लेखनी से इस मुद्दे को उठाते रहे। प्रखंड बनाने का वादा करने वाले रहनुमाओ में पूर्व मंत्री डॉ मोनाजिर हसन, सांसद ब्रह्मानंद मंडल, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण, विधायक अनंत कुमार सत्यार्थी, विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता, विजय कुमार विजय सहित ललन सिंह सहित अन्य हर लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव मे वादा करते रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि नौवागढ़ी को प्रखंड का दर्जा दिलाने के नाम पर क्षेत्रीय मतदाताओं को हमेशा लॉलीपॉप थमते रहे हैं। वर्ष 2005 मे बंगाल में आयोजित तत्कालीन मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने अपनी सभा में नौवागढ़ी को प्रखंड का दर्जा देने की घोषणा की थी। फिर वर्ष 2017 के विकास यात्रा के क्रम में नौवागढ़ी मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नौवागढी को प्रखंड बनाने का वादा किया था। दोनों मुख्यमंत्री के घोषणा के बाद भी आज तक नौवागढ़ी को प्रखंड का दर्जा नहीं मिल पाया है। बताते चले कि डीएम के द्वारा भेजे गए रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित नौवागढ़ी प्रखंड में जमालपुर प्रखंड के 05 पंचायत क्रमशः पाटम पूर्वी, पाटम पश्चिमी, इटहरी, कलारामपुर तथा बाक पंचायत को शामिल किया गया था। वहीं, मुंगेर सदर प्रखंड के नौवागढ़ी दक्षिणी, नौवागढ़ी उत्तरी, तारापुर दियारा तथा जानकीनगर पंचायत को शामिल किया गया था। राज्य सरकार को जमालपुर प्रखंड के 05 तथा सदर प्रखंड के 04 पंचायत को मिलाकर नौवागढ़ी को प्रखंड बनाने का प्रस्ताव भेजा था। इसके बावजूद भी नौवागढ़ी को प्रखंड बनने का सपना आज तक साकार नहीं हो पाया है ।

## जर्जर चचरी पुल की जगह अपने खर्चे पर नदी पर कराएंगे पुलिया का निर्माण : ग्रामीण

प्रात: किरण /भरत पोद्दार,

शाहकुंड (भागलपुर)। जिला परिक्षेत्र अंतर्गत एक गांव ऐसा दिखा है। जहां ग्रामीण परिवेश के लोग आज भी विकसित ग्राम के नाम पर धरातल पर कुछ दिखता ही है। ग्रामीण अपनी किस्मत को कोस सरकार की उदासीन रवैया की पोल खोलते चल रहे है, ये सच्चाई शाहकुंड प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरहा गांव की है। जहां आजादी के कई दशक बीत जाने के बाद भी गांव की हालदशा विकसित गांव की प्रतीक्षा में जोह रहा है। उक्त गांव की हकीकत सच्चाई देखने व जानने के बाद आप खूद ही आश्चर्य चकित व दंग रह जाएंगे। स्थिति यह है कि गांव में विकास के नाम पर न तो सड़क है न ही पुल व पुलिया लोग चचरी पुल बना कर अपने खर्च पर गांव पहुंचने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जद्दोजहद में वर्षो से चले आ रहे है। जिसे लेकर ग्रामीण आज भी यह आश लगाए बैठे हैं, हमारी हाल दशा को देखने वाले कोई मशीहा गांव आएंगे और हम ग्रामीणों की पीड़ा को देखने व सुनने



के बाद गांव का विकास होगा, लेकिन तीन पीढ़ियों के गुजर जाने के बाद भी गांव के ग्रामीणों की व्यथा सुनने वाला कोई भी नही दिखा है।

जिसे लेकर ग्रामीणों ने एक सभा व बैठक कर अपने गांव के विकास मार्ग की गति से जोड़ने के लिए स्वतः अपने खर्च पर पुलिया निर्माण कार्य शुरू करने का निर्णय ले लिया है। ग्रामीणों के इस निर्णय से पूरे क्षेत्र के शासन, प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के वास्तविक विकास की पोल खोलकर रख दी है। ग्रामीणों की समस्या को लेकर सरकार के ग्राम विकास योजना के दाबे के रूप में कोई भी सार्थक पहल शुरूआत ही नही की गई है। इसकी हकीकत जमीनी स्तर पर उभरता कुछ दिखा ही नही है। वही ग्रामीण अपने गांव पहुंचपथ समस्या को लेकर जानकारों की माने तो तीन पीढ़ियों से सरकार व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के समक्ष आवेदन के माध्यम से गुहार लगाते रहे चल रहे है। लेकिन इन ग्रामीणों के साथ समय समय पर विकास के नाम पर सिर्फ राजनीति स्तर पर आश्वासन देकर सिर्फ खानापूर्ति करते दिखाई देते रहे हैं। वही इलाके के ग्रामीण का कहना है कि विकासशील ग्राम की सच्चाई आपको गांव में जानने के बाद ही पता चलेगा साहब। इस बात को लेकर जब प्रातः किरण की टीम शाहकुंड प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरहा गांव पहुंची, तो गांव पहुंच पथ व सड़क की हालत देख प्रत्यक्ष रूप से विकास सच्चाई हकीकत की पोल खोल कर रख दी। काफी लम्बे समय के इंतजार के बाद ग्रामीण परिवार के लोगों ने सामुहिक बैठक कर अपने गांव के पहुंच पथ मार्ग को सुगम व आसान बनाने के लिए गांव में चंदा इकट्ठा कर अपने खर्च के बलबूते पर नदी पार करने के लिए एक चचरी पुल का निर्माण कराया है, जबकि इस पुल की अवधि ज्यादा समय के लिए नही रहने के कारण कई बार चचरी पुल को पार करने के क्रम में हादसे का शिकार हो जाते हैं। इस हादसे में कई ग्रामीण घटना में घायल होने के लंबी इलाज के क्रम में अबतक दर्जनों लोग घायल हो गए है तो कई लोग मौत के गाल समा चुके हैं। जिससे लेकर ग्रामीण काफी आक्रोशित है। वही ग्रामीणों ने सरकारी तंत्र से जुड़े लोग व राजनीतिक दलों के उदासीनता रवैये से नाराज होकर किसी भी चुनावी कार्यक्रम दौर में भाग लेने और अपना मतदान नही करने के संकल्प लें लिया था।वही ग्रामीणों ने सरकार व सरकारी तंत्र से जुड़े लोगों के विरुद्ध अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए विरोध प्रदर्शन किया था। ज्ञात हो कि वर्तमान समय में हुई लोकसभा आम चुनाव के दौरान सैकड़ो मतदाताओं ने मतदान का कड़ा विरोध किया था। वही मामले को लेकर प्रातः किरण की टीम ने पूर्व में भी गांव की समस्याओं को लेकर कई बार स्थानीय जिला प्रशासन के समक्ष समाचार के माध्यम से अवगत कराया था।

## जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहा है अमरदीप और अभिषेक, पुलिस कर रही है मामले की छानबीन

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर । नया रामनगर थाना क्षेत्र के बजरंगबली नगर गांव में बीती रात्रि रिसेप्शन पार्टी के दौरान आपसी विवाद में हुई मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल अमरदीप और अभिषेक उर्फ छोटू जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहा है। घायल के परिजनों ने बताया कि सदर अस्पताल में आनन फानन में इलाज के लिए दोनो को भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों की गंभीर अवस्था को देखते हुए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भागलपुर रेफर कर दिया। बेहतर इलाज के लिए दोनों घायल युवकों को नेशनल हॉस्पिटल मुंगेर में भर्ती कराया गया, जहां की दोनों का इलाज अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा किया जा रहा है। घायल अभिषेक उर्फ छोटू को माथे मे गंभीर रूप से चोट लगी है। छोटू को 14 टाके चिकित्सकों के द्वारा लगाया गया है। सिर के अलावे छाती, गर्दन सहित



शरीर के अन्य भाग में भी चोट पहुंची है । वही अमरदीप कुमार की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उसकी नाक की बत्ती (हड्डी) टूट गई है । अमरदीप आईसीयू में भर्ती है, जो अभी अचेत अवस्था में है। चिकित्सकों ने अमरदीप के नाक का सर्जरी किया है। अमरदीप को भी नाक और सिर के अलावा शरीर के अन्य भाग में गंभीर रूप से चोट पहुंची है। घटना के बाद घायल युवकों के परिजनों में मायूसी छाई हुई है। घायल अभिषेक कुमार के फर्द बयान पर नया रामनगर थाना कांड संख्या 71/ 2024, भादवि की धारा 147, 149, 341, 323, 324 ,326 ,307 तथा 504 के तहत 09 लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिक की दर्ज की गई है। कांड के अनुसंधानकर्ता एएसआई आशुतोष कुमार को बनाया गया है । प्राथमिकी दर्ज होने की पुष्टि नया रामनगर थानाध्यक्ष विनोद कुमार झा ने की है। पुलिस मामला दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। मुंगेर सदर अस्पताल में कोतवाली थाना को दिए अपने फर्द बयान मे अभिषेक कुमार उर्फ छोटू ने कहा है कि आमंत्रण पर वह बहुभोज पार्टी में बजरंगबली नगर निवासी प्रकाश पासवान के घर भोज खाने रात्रि लगभग 11:00 बजे गये थे । इसी दौरान पंकज कुमार, अजीत कुमार तथा सुजीत कुमार ने जबरन पड़कर डांस करने को कहा। जब मैंने मना किया तो तीनों ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद घटना की सूचना अपने चचेरे भाई अमरदीप को मोबाइल पर दिया। सूचना पर उसके चचेरे भाई अमरदीप अकेले प्रकाश पासवान के घर पहुंचे। जहां समझने के क्रम में प्रकाश पासवान सहित अन्य लोगों ने दोनों भाइयों के साथ बैरमी से मारपीट किया। लाठी - डंडे व लोहे का रड का भी प्रयोग मारपीट की घटना में हत्या के नियत से किया गया।

## हादसे के कारण विवाह करने नहीं पहुंचा दूल्हा : परिजन

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। पीरपैंती थाना क्षेत्र अन्तर्गत श्रीमतपुर गोपालिचक गांव इलाके में स्व. विजय रविदास की पुत्री की बारात सोमवार की रात मुंगेर जिले के खड़कपुर प्रखंड के धपरी मोड़ से बारात स्कॉर्पियो गाड़ी से आ रही थी, इसी दौरान घोघा के समीप मुख्य सड़क मार्ग पर बारात गाड़ी स्कार्पियो पर सवार बाराती के ऊपर एक ओवरलोडेड गिट्टी लदा हायवा ट्रक पलट दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वही हायवा ट्रक के स्कार्पियो पर पलटने से घटनास्थल पर ही छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, और घटना में तीन व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गए है। इसके बाद ना तो लड़का और ना ही बारात लड़की के घर तक पहुंच सका था, जिसके कारण लड़की के घर शादी की खुशी का माहौल पल भर में मातम में बदल गया, और सारी तैयारियां धरी की धरी रह गई। इस दौरान लड़की पक्ष के द्वारा शादी की तैयारियों को लेकर आकर्षक सजावट के साथ पूरी हर्सोल्लास का माहौल बना दिख रहा था तो वही आगन्तु बारात के स्वागत के लिए कई स्वादिष्ट व्यंजन भी बनाए थे। जिसमें काफी रुपए भी खर्च हुए थे। गरीब परिवार की लडकी की शादी थी जिसके लिए ग्रामीण और परिजनों ने बारातियों के स्वागत के लिए काफी तैयारी की थी, लेकिन हादसे के बाद जब बारात और लड़का शादी के मंडप तक नहीं पहुंचा तो उसके बाद लड़की के परिजन काफी निराश और हताश हो गए थे, लडकी के भाई अशोक दास ने लड़का वालो से संपर्क कर विनती किया की लड़का सुरक्षित सकुशल लड़का को भेज दीजिए शादी हो जाने दीजिए, लेकिन नही माने लड़की की मां भोलिया देवी ने बताया कि अगर ट्रक नही चलता तो आज मेरी बेटी की शादी हो जाती, लेकिन काल बनी ओवरलोडेड हायवा ट्रक के चपेट में आने से कई लोगों की जान तो गई। इस घटना के बाद लड़की और उसके परिजनों पर भी दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। वही घटना के बाद से ही लडकी और उसके घर परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।

## सड़क हादसे में चार युवक गंभीर रूप से हुआ घायल

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। जीरो माइल थाना परिक्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर गांव इलाके में मुख्य सड़क मार्ग पर भीषण हादसा घटित होने का मामला सामने आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एक कार अनियंत्रित हो कर पलटी खाते हुए एक घर की दीवार से टकराई। इस घटना को देख आस पास के लोगों के रोंगटे खड़े कर दिये थे। वही इस घटना में कार पर सवार चार लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी सामने आई हैं। इस हादसे को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि कार पर चालक के साथ सामने की सीट पर बैठी हुई एक युवती की हालत गंभीर बनी



हुई दिखी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों व राहगीरों के सहयोग से आनन फानन में सभी घायलों के त्वरित इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। जहां हादसे में चालक सहित तीन लोग के घायल होने की जानकारी बतायी जा रही है।इस हादसे में घायल हुए लोगो की पहचान कार चालक मानन झा के रूप में की है तो वही उसके साथ फ्रंट सीट पर बैठी श्रेया कुमारी के रूप में बतायी जा रही हैं। दोनो ही ज्यादा चोटिल हो जख्मी होने के साथ गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं कार की पिछली सीट पर बैठे युवक की पहचान निर्मल कुमार और एक युवती बैठी हुई थी जो आंशिक रूप से घायल हुई है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों के द्वारा डायल 112 की टीम को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते हु मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने सभी घायलो के त्वरित इलाज के लिए मायागंज अस्पताल के इमरजेंसी के सर्जरी वार्ड में भर्ती कराया है। जहां मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिस वक्त हादसा घटित हुआ है उस वक्त कार काफी तेज गति में थी, इस दौरान सामने से आ रही एक टोटो रिक्शा को देख बचाव के क्रम में चालक ने जबरदस्त इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया होगा जिससे चालक ने अपना नियंत्रण को खो दिया और कार अनियंत्रित होकर करीब 100 मीटर तक पलटते हुए एक निमार्धीन घर की दीवार से जाकर टकराई। सुर्खिकल के अधिवक्ता नीरज झा के पुत्र मनन झा के रूप में बताया जा रहा है। जहां घटना की सूचना पाकर आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने अस्पताल पहुंच कार चालक मानन झा के इलाज व हालत की विस्तृत जानकारी ली।

## कोसी नदी में स्नान करने के दौरान सेल्फी फोटो बनाना दो युवक को पड़ा महंगा

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला नवगछिया थाना परिक्षेत्र के पुनामा प्रताप नगर पंचायत अंतर्गत कोरचक्का गांव के समीप कोसी नदी में सेल्फी लेने के क्रम में दोनों युवक के डूबने से हुई मौत का मामला सामने आया है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि दोनो युवक आपस में एक अच्छे दोस्त थे जो एक साथ मिलकर कोशी नही के पास सेल्फी फोटो बनाने की कोशिश में डूब गया और दोनों की मौत हो गई। वही घटना की सूचना मिलते ही आस पास के ग्रामीण इलाके में कोलाहल मच गई है। गांव के अपने सहयोगी युवक के साथ मिलकर कोसी नदी पर कर खेत पर गया था। वही घटना में मृतक युवकों की पहचान मिल्की गांव के विकास साह के पुत्र आनंद कुमार व नवटोलिया मिल्की गांव के गुलशन मंडल के पुत्र गौरव कुमार अपने दोस्त आशीष एवं अन्य लोगों के साथ कोसी नदी पार होकर ककड़ी, तरबूज की खेत में गया था। जहां से वापस आने के दौरान सभी कोसी नदी में स्नान करने लगे थे। इसी क्रम में सभी दोस्त एक दूसरे का हाथ पकड़ कर कर सेल्फी फोटो लेने लगे जिसमें युवक आनंद एवं गौरव दोनों डूब गये और दोनों की मौत हो गई। हालांकि आनंद का शव अभी बरामद नहीं हो पाया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से मृतक युवक के शव को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। वही स्थानीय प्रशासन को भी घटना की सूचना दे दी गई थी। वहीं दूसरी तरफ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव अपने सहयोगी के साथ घटना स्थल पर पहुंचे जहां पर हल्का कर्मचारी द्वारा मृतक के परिजनों को सरकार जारी सुविधाके तहत सहयोग करने की बात कही। वही देर शाम तक गौरव कुमार का शव स्थानीय लोगों के सहयोग से बरामद कर लिया गया। लेकिन मृतक आनंद का शव अभी तक बरामद नहीं हो सका है।

## बेखौफ बदमाशों ने जदयू के युवा नेता को फोन पर दी जान से मारने की धमकी

भगलपुर। जिले भर में आए दिन अपराधियों द्वारा अपने कई अपराधिक घटनाओं को बैखोप हो कर अंजाम देने की कवायद में लगे चल रहे है। इसी कड़ी में एक और अपराधियों का कारनामा सामने आया है। घटना को लेकर मिली जानकारी अनुसार बताया जा रहा है कि सत्तारूढ़ दल के जदयू जिला प्रवक्ता शिशुपाल भारती को किसी अपराधि तत्व जैसे लोगों के द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई है। वही मामले को लेकर जदयू के प्रवक्ता शिशुपाल भारती के द्वारा इस बात की सूचना लिखित आवेदन देकर स्थानीय जीरो माइल थाना में दी है। साथ ही उन्होंने आवेदन के माध्यम से अपने जान माल की रक्षा हेतु गुहार लगाई है।

वही जदयू प्रवक्ता के दिये लिखित आवेदन में कहा है कि विगत 28 अप्रैल 2024 के रात्रि करीब 10:00 बजे सरोज वाटिका जीरो माइल स्थित झुखुरिया रोड में जय नंदन यादव की पुत्री के शादी समारोह में शामिल होने पहुंचा था। इस दौरान मनोज कुमार यादव, पिता हरिहर प्रसाद यादव ग्राम लकड़ाकोल थाना पीरपैंती भागलपुर के द्वारा धमकी देते हुए कहा कि जिस प्रकार तुम्हारे बड़े भाई धुरी यादव को सुपारी देकर ऊपर भेजवा दिया था, ठीक उसी तरह तुमको भी ऊपर भेज देंगे। इस मामले को लेकर उनके द्वारा जीरोमाइल थाना में अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाया हैं। बता दें कि इसके पूर्व जिले में कई नेताओं की हत्या हो चुकी है। वही इस धमकी के मिलने पर जदयू प्रवक्ता सहित उनका पूरा परिवार डरे शहमे दिख रहे है, हालाँकि आवेदन देने के बाद से जीरोमाइल पुलिस मामले की जांच में जुट गई हैं।

